INS ACCREDITED
यूंनेकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक
# यूनिक समय
RNI-UPHIN/2023/85053


डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-3 | अंक-348 | मथुरा, बुधवार, 11 फरवरी 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

### रुक्मणि विहार के होटल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

# ओपनिंग समारोह में भड़की भीषण आग, मची भगदड़


होटल के बाहरी हिस्से में दिखाई दे रही आग की लपटों का नजारा।


वृंदावन में रुक्मणि विहार स्थित निर्माणाधीन होटल में लगी आग से उठते धुएं का गुबार।


होटल में लगी आग के बाद लोगों से बातचीत करते जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, वृंदावन।** रुक्मणि विहार कॉलोनी स्थित एक होटल में भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आग के काले धुएं के गुबार दूर से ही दिखाई देने लगे। आग की खबर से होटल के अंदर चल रहे कार्यक्रम में भगदड़ सी मच गई। इलाके के लोगों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने पानी की बौछार कर आग की लपटों पर काबू पाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार राया के रहने वाले सुभाष अग्रवाल नगौड़ा वाले के निर्माणाधीन सिद्धि विनायक होटल में आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी बताई जा रही है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और होटल के अंदर मौजूद मजदूरों व कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। बताते है आगजनी से एक बच्चा झुलस गया है। मौके सीओ सदर सहित बड़ी संख्या में पुलिस पहुंच गयी है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस भी आ गई। बताते हैं कि होटल में ओपनिंग सेरेमनी का कार्यक्रम चल रहा था। इसमें राया से अनेक लोग पहुंचे थे। हादसे के समय भवन के अंदर कुछ लोग मौजूद थे। उनको सुरक्षित बाहर निकाला गया। आग लगने के कारण होटल के अंदर रखा निर्माण सामग्री, बिजली का सामान तथा फर्नीचर जल गया। फिलहाल पुलिस और दमकल विभाग द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है। आग से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण कर लोगों से बातचीत की।

### होटल में फंसे लोगों को क्रेन से रेस्क्यू किया

**यूनिक समय, वृंदावन।** रूकमणि बिहार स्थित एक होटल में लगी आग के कारण होटल के अंदर फंसे लोगों में चीख पुकार मच गई। स्थिति को देखते हुए सभी लोग अपनी जान को बचाते हुए होटल की छत पर पहुंच गए। फिर एक क्रेन के माध्यम से सभी लोगों का एक–एक कर रेस्क्यू किया गया।

### भगवान का लाख लाख शुक्रिया

**यूनिक समय, वृंदावन।** आग की लपटों से सकुशल बचे लोगों ने भगवान का शुक्रिया अदा किया। वजह थी कि यदि आग की लपटें होटल के अंदर तक पहुंच जाती तो शायद बड़ी घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता था।

## पांच लोगों की मौत के बाद आज खप्परपुर में सन्नाटा

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** महावन थाना क्षेत्र के ग्राम खप्परपुर में आज सन्नाटा था। खामोशी थी। हर कोई कल की घटना को लेकर चर्चा करते नजर आया। मृतक के परिवार रिश्तेदार और नातेदारों के आने का सिलसिला था। ग्रामीणों के बीच एक प्रश्न था कि आखिर मनीष ने ऐसा कदम क्यों उठाया। क्या पत्नी तथा बच्चों को विषाक्त पदार्थ का दूध देते समय हाथ नहीं कंपकंपाए। देर रात्रि को अंतिम संस्कार करने के बाद दूसरे दिन ग्राम खप्परपुर में मृतक के परिवारिजनों के घर पर दुख का वातावरण था। परिवार की महिलाएं करूण क्रंदन कर रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी सीपी सिंह के माध्यम ने शोक संवेदना भेजी। कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार परिवार के साथ हैं। हालांकि मृतक मनीष ने सुसाइड नोट छोड़ा है। वीडियो भी बनाया है। फिर भी ग्रामीण हदय विदारक घटना को लेकर तमाम तरह की चर्चा कर रहे हैं। सभी झकझोर देने वाली घटना की सत्यता जानना चाहते हैं। कहीं से भी कोई क्लू तो मिले। गांव से प्रवेश से लेकर घर तक शोक व्यक्त करने वालों की लाइन लगी है। पुलिस की भी सुरक्षा है। मृतका पत्नी सीमा के मायके वाले भी इस घटना से हतप्रभ है। वह भी ग्राम खप्परपुर पहुंच गए। सभी के मन में एक ही सवाल बार–बार कौंध रहा है कि आखिर मनीष ने इतना बड़ा मौत का फैसला क्यों लिया। तीन मासूम बच्चों की क्या गलती थी। वह तो अभी पूरी तरह से संभल भी नहीं पाए। पूरी तरह से अबोध थे।

## जिला कोषागार में 1.62 करोड़ का घोटाला आया सामने

### डीएम के निर्देश पर सहायक लेखाकार के खिलाफ एफआईआर

### अब और कार्यालयों के पेंशन के मामलों की जांच होगी

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला कोषागार विभाग से करीब 1.62 लाख रुपये की राशि का घोटाला करने के मामले में डीएम के निर्देश पर सहायक लेखाकार अभिषेक श्रीवास्तव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। डीएम सीपी सिंह ने अब अन्य कार्यालयों में पेंशन के मामलों की जांच कराने पर जोर दिया है। आरोप लगाया गया है कि सहायक लेखाकर अभिषेक श्रीवास्तव ने छह मृतकों की पेंशन को अपने खाते में जमा करा रहे हैं। ऑडिट में पूरे मामले का खुलासा था। फिर जांच एक समिति को सौंपी गई थी। एक तरह से डिजीटल सिस्टम में सेंध बाजी कर डाली। जांच समिति की रिपोर्ट के बाद थाना सदर में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## सीबीएसई ने कॉपियां चेक करने के तरीके में बदलाव किया

### 12वीं की कॉपियां कंप्यूटर स्क्रीन पर चेक की जाएंगी

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** अगर आप या आपके घर में कोई 2026 में सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा देने वाला है, तो यह खबर उनके लिए बहुत जरूरी है। दरअसल, सीबीएसई बोर्ड ने कॉपियां चेक करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव किया है। अब 12वीं क्लास की कॉपियां पेन–पेंसिल से नहीं, बल्कि कंप्यूटर स्क्रीन पर चेक की जाएंगी। इसे 'ऑन–स्क्रीन मार्किंग' नाम दिया गया है। सीबीएसई ने साफ किया है कि 2026 से 12वीं की कॉपियों का मूल्यांकन पूरी तरह डिजिटल होगा। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि नंबर जोड़ने में होने वाली गलतियां खत्म हो जाएंगी। अक्सर देखा जाता था कि मैन्युअल चेकिंग में कभी–कभी नंबर छूट जाते थे या टोटल करने में गलती हो जाती थी, लेकिन अब सॉफ्टवेयर खुद ही सब कुछ मैनेज करेगा। इससे रिजल्ट भी जल्दी आएगा और प्रोसेस में पूरी ट्रांसपेरेंसी रहेगी। बोर्ड ने फिलहाल 10वीं के छात्रों के लिए पुराना सिस्टम ही रखा है। यानि 2026 में 10वीं की कॉपियां पहले की तरह मैनुअली ही चेक की जाएंगी।

## इंद्रा कॉलोनी में शादी वाले घर में लाखों की चोरी

**यूनिक समय, गोवर्धन (मथुरा)।** इंदा कॉलोनी में चोरों की टोली ने शादी की तैयारियों वाले घर को निशाना बना डाला। चोर रात को लाखों रुपये कीमत के जेवर और नकदी चुराकर ले गए। पीड़ित परिवार के अनुसार अगले महीने शादी की तैयारियां चल रही थी। घर के सभी सदस्य रात को सो रहे थे। इसी दरम्यान चोरों की टोली ने मौके का फायदा उठा लिया वह सोने और चांदी के जेवर चुरा लिए। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई। सीओ अनिल कुमार ने बताया कि चोरों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर दी है।

बजट | यूपी बजट 2026-27 एक नजर से

# मथुरा–वृंदावन के विकास को मिली बड़ी सौगात


विधानसभा में बजट पेश करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना । साथ हैं सीएम योगी आदित्यनाथ ।

### ब्रज नगरी को 1000 करोड़ से ज्यादा की सौगात

### मथुरा–वृंदावन का बदलेगा पूरा नक्शा

**यूनिक समय, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आज विधानसभा में बजट 2026-27 पेश किया। बजट में मथुरा–वृंदावन के विकास के लिए बड़ा ऐलान किया गया। धार्मिक नगरी को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए 250 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही छटा और रहीमपुर क्षेत्र में 780 करोड़ रुपये की लागत से नई टाउनशिप विकसित की जा रही है। कुल मिलाकर ब्रज क्षेत्र में 1000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाएं धरातल पर उतरने जा रही हैं। बजट के प्रस्तावों के मुताबिक, मथुरा–वृंदावन में अवस्थापना सुविधाओं को मजबूत करने पर फोकस रहेगा। सड़कों का चौड़ीकरण, पेयजल आपूर्ति में सुधार, सीवरेज व्यवस्था का विस्तार और बिजली ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा। त्योहारों और परिक्रमा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए यातायात प्रबंधन को भी बेहतर बनाया जाएगा। नई टाउनशिप परियोजना शहर के नियोजित विस्तार की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। यहां आधुनिक सड़कें, ड्रेनेज सिस्टम, स्वच्छ पेयजल, निर्बाध बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे न केवल आवासीय सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। विकास योजनाओं में परिक्रमा मार्ग का उन्नयन, प्राचीन कुंडों का पुनरुद्धार और प्रस्तावित वृंदावन कॉरिडोर जैसी अहम परियोजनाएं भी शामिल हैं। इनसे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और ब्रज की सांस्कृतिक विरासत को नया आयाम मिलेगा। सरकार का दावा है कि इन योजनाओं से मथुरा–वृंदावन का स्वरूप बदल जाएगा और आस्था की नगरी आधुनिक सुविधाओं के साथ नए युग में प्रवेश करेगी।

## धूम्रपान करना अब महंगा

# टैक्स की घोषणा क्या हुई बड़े व्यापारियों ने बढ़ाए दाम

**कार्यालय संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** केंद्र सरकार द्वारा बजट में पान मसाला, गुटखा और सिगरेट पर बढ़ाए जाने वाले टैक्स के बाद बाजार में बिकने वाले प्रोडक्ट्स पर दुकानदारों ने दाम बढ़ा दिए हैं। दुकानदार का कहना है कि डीलर ही माल के ज्यादा दाम ले रहा है। इस तरह प्रिंट रेट से अधिक की बाजार में खुले आम वसूली हो रही है। सिगरेट, पान मसाला और गुटखा आदि बाजार में प्रिंट रेट पर हर गली ठेल और बाजार में दुकानों पर ग्राहक को आसानी से मिल रहा था। जैसे ही सरकार ने बजट में इन प्रोडक्ट्स पर टैक्स बढ़ाया इसके बाद बड़े स्टाकिस्ट ने माल को अपने गोदामों में दबा लिया। बाजार में अभी नए प्रिंट रेट का माल आया भी नहीं था कि बाजार में पुराने रेट पर बिक्री होने वाले माल की कीमतों में इजाफा हो गया। दुकानदारों ने पुराने प्रिंट रेट के माल पर अपने तरीके से दाम बढ़ा दिए। बाजार में खुले में बिक्री होने वाली सिगरेट बजट से पहले दस रुपये मिल रही थी। इस सिगरेट की कीमत अब 15 रुपये हो गई है। इससे कम में कोई दुकानदार सिगरेट नहीं दे रहा है। ऐसा ही हाल पान मसाले का पांच रुपये का बिकने वाला पैकेट अब छह रुपये में बेचा जा रहा है। इस तरह मार्केट में नया माल आने से पहले ही मंहगाई बढ़ गई है।



पान मसाला, गुटखा और सिगरेट की बिक्री करने वाले एक दुकानदार विनोद अरोड़ा ने बताया कि थोक के दुकानदारों द्वारा पान मसाला, सिगरेट और गुटखों पर पहले के मुकाबले ज्यादा कीमत ली जा रही है। अगर कोई दुकानदार उनके द्वारा मांगी जाने वाले कीमत देने में आनाकानी करता है तो कह दिया जाता है कि माल नहीं है। इस कारण मजबूरी में डीलरों को उनके द्वारा मानमानी कीमत देकर दुकान पर माल बिक्री करने के लिए लाना पड़ रहा है।



कृष्णानगर में एक पान बीड़ी सिगरेट की दुकान पर सिगरेट खरीदने वाले धर्मवीर ने बताया कि सिगरेट पहले दस रुपये की मिलती थी। दस का नोट आसानी से दे दिया जाता था। अब दुकानदार 12 से लेकर 15 रुपये तक में सिगरेट बेच रहे हैं। इसके चलते अपने बजट पर तो असर पड़ ही रहा है साथ चेंज को लेकर भी परेशानी हो रही है।



भूतेश्वर तिराहा पर एक दुकान पर गुटखा खरीद रहे दीपू गुप्ता ने बताया कि पहले गुटखा पांच रुपये का मिल रहा था। अब इसकी कीमत दुकानदारों ने छह रुपये कर दी है। इसके चलते एक रुपये को लेकर दुकानदार और ग्राहक में खुले पैसे देने को लेकर परेशानी हो रही है। पहले दिन भर में 15 से 20 गुटखे खा लिया करता था, लेकिन अब कुछ कम करने पड़ेंगे।



सदर बाजार में एक दुकान पर खड़े युवक प्रेम बाबू सैनी का कहना था कि सरकार ने नए माल पर टैक्स और ड्यूटी बढ़ाई है। पुराने माल की बिक्री पर ऐसा कोई टैक्स नहीं है। दुकानदार प्रिंट रेट पर बीड़ी सिगरेट और पान मसाला और गुटखा नहीं देकर बढ़ाई गई कीमतों पर बेच रहे हैं। इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

### तापमान / मौसम

27 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

12 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

### सोना-चांदी भाव

**सोना**

24 कैरेट 1,62,022

22 कैरेट 1,49,040

(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**

2,70,000 प्रति किलो

### आपातकालीन सेवाएं

112 -आपातकालीन सेवा
1962 - रेलवे हेल्पलाइन
100 - पुलिस
108 - एंबुलेंस (स्वास्थ्य सेवा)
102 - एंबुलेंस (मातृ एवं शिशु सेवा)
101 - अग्निशमन (फायर ब्रिगेड)
1090 - महिला हेल्पलाइन
1091 - महिला पुलिस सहायता
1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन
104 - स्वास्थ्य सलाह सेवा
1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
1033 - राष्ट्रीय राजमार्ग आपात सेवा
1073 - सड़क दुर्घटना आपात सहायता

# अध्यात्म पीठ ब्रज बल्लभ लाल की शरण में आई भाजपा प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल



पीठाधीश्वर पूर्ण प्रकाश कौशिक महाराज के पास खड़ी भाजपा प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल।

**संवाददात**

**यूनिक समय, गोवर्धन।** चंद्र सरोवर अध्यात्म पीठ, ब्रज बल्लभ लाल की शरण में भारतीय जनता पार्टी राजस्थान की प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल भक्ति भाव के साथ पहुंची। प्राचीन ठाकुर बृज वल्लभ लाल महाराज के दर्शन कर भक्तिमय हो गयी। यहां पर

### पीठाधीश्वर पूर्ण प्रकाश कौशिक महाराज ने कराया पुष्पार्चन

अध्यात्म पीठ के पीठाधीश्वर पूर्ण प्रकाश महाराज ने पुष्पार्चन कराकर पूजा अर्चना करायी। प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल को ठाकुर ब्रज बल्लभ लाल की प्रसादी माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। पीठाधीश्वर पूर्ण प्रकाश महाराज ने अध्यात्म पीठ पर विराजमान ठाकुर बृज वल्लभ लाल जी और चंद्र सरोवर की धार्मिक महिमा को विस्तार से बताया। पंकज कौशिक, विकास अग्रवाल, रूबी, शालिनी एवं कमलेश आदि उपस्थित थे।

# धोती में उतरी महिलाएं, कबड्डी और खो-खो में दिखाया दम



बुधवार को दीनदयाल धाम में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी खेलतीं महिलाएं।

**संवाददाता**

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** बुधवार को दीनदयाल धाम में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान धोती पहन कर उतरी महिलाएं आकर्षक का केंद्र बनी रहीं। खो-खो, कबड्डी और अन्य प्रतियोगिताओं में साड़ी और धोती पहनकर मैदान में उतरी महिलाओं ने बाजी मारी। पं. दीनदयाल उपाध्याय के बलिदान दिवस पर महिलाओं से जुड़ी खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ स्मारक निदेशक सोनपाल और मेला कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर किया। 50 मीटर दौड़ में मंजू प्रथम, रेखा द्वितीय और आशा तृतीय स्थान पर रही, जबकि मटका दौड़ में खेमवती प्रथम, मीणा द्वितीय और मीरा तृतीय स्थान पर आईं। रस्साकसी में दीनदयाल धाम की महिलाएं अव्वल रही, जबकि रुनकता की टीम द्वितीय स्थान पर और रुक्मणी टीम तृतीय स्थान पर रही। खो-खो में रुनकता की महिलाएं प्रथम स्थान पर आई, जबकि दीनदयाल धाम की महिलाएं द्वितीय स्थान पर और आगरा की महिलाएं तृतीय स्थान पर रहीं। कबड्डी में अव्वल स्थान हासिल करने में रुनकता की महिलाओं ने बाजी मारी, जब रुक्मणी टीम द्वितीय स्थान पर और नगला बल की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका रविकांत, संभव शर्मा, नारायण, मणि शर्मा, पूजा शर्मा, दीपू और शिवानी ने निभाई। विजेता प्रतिभागी महिलाओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## होली पर यात्रियों को मिलेगी सुविधा

# दो जोड़ी स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** होली पर अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए लालकुआं-राजकोट- लालकुआं एवं जबलपुर-निजामुद्दीन-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार गाड़ी संख्या 05045 लालकुआं-राजकोट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 01 मार्च से 29 मार्च तक (05 ट्रिप), लालकुआं से प्रत्येक रविवार को 12.35 बजे रवाना होकर मथुरा जंक्शन स्टेशन पर 19.20 बजे आगमन व 19.25 बजे प्रस्थान कर 18.10 बजे राजकोट पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05046, राजकोट-लालकुआं साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 02 मार्च से 30 मार्च तक (05 ट्रिप) राजकोट से प्रत्येक सोमवार को 22.30 बजे रवाना होकर मंगलवार को मथुरा जंक्शन स्टेशन पर 22.40 बजे आगमन व



22.45 बजे प्रस्थान कर बुधवार को 05.15 बजे लालकुआं पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में किच्छा, बहेड़ी, भोजीपुरा, इज्जत नगर, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, बदायूं, सोरों शूकर, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा कैंट, मथुरा जंक्शन, भरतपुर, दौसा, जयपुर, फुलेरा, नावा सिटी, कुचामन सिटी, मकराना, डेगाना, मेड़ता रोड, गोटन, जोधपुर, लूनी, समदड़ी, मोकलसर, जालौर, मोदरान, मारवाड़ भीनमाल, रानीवाड़ा, धनेरा, भीलडी, पाटन, महेसाना, विरमगाम, सुरेंद्रनगर व वांकानेर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 01 सैकण्ड एसी, 02 थर्ड एसी, 11 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड श्रेणी सहित 20 डिब्बे होंगे। गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर-निजामुद्दीन साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 02 मार्च व 09 मार्च तक (02 ट्रिप) जबलपुर से प्रत्येक सोमवार को 20.20 बजे रवाना होकर आगरा कैंट स्टेशन पर 09.30 बजे आगमन व 09.35 बजे प्रस्थान, मथुरा जंक्शन स्टेशन पर 11.10 बजे आगमन व 11.15 बजे प्रस्थान, कोसीकलां स्टेशन पर 11.43 बजे आगमन व 11.45 बजे प्रस्थान कर 14.25 बजे निजामुद्दीन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01702 निजामुद्दीन-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 03 मार्च व 10 मार्च तक (02 ट्रिप) निजामुद्दीन से प्रत्येक मंगलवार को 15.45 बजे रवाना होकर कोसीकलां स्टेशन पर 16.50 बजे आगमन व 16.52 बजे प्रस्थान, मथुरा जंक्शन स्टेशन पर 17.45 बजे आगमन व 17.50 बजे प्रस्थान व आगरा कैंट स्टेशन पर 19.15 बजे आगमन व 19.20 प्रस्थान कर बुधवार को 09.30 बजे जबलपुर पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में कटनी, दमोह, सहर, वीरागना लक्ष्मी बाई झाँसी, आगरा कैंट ,मथुरा जंक्शन व कोसीकलां स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में, 01 प्रथम श्रेणी, 02 सैकण्ड एसी, 06 थर्ड एसी, 09 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड श्रेणी सहित 24 डिब्बे होंगे।

# भाजपा का 119 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिल्ली रवाना



मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर भाजपा केरल इकाई के पदाधिकारियों का स्वागत करते मथुरा महानगर अध्यक्ष हरीशंकर राजू यादव।

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी जिला महानगर अध्यक्ष हरीशंकर राजू यादव के नेतृत्व में मथुरा रेलवे स्टेशन पर केरल विधानसभा चुनाव 2026 से पहले दिल्ली रवाना हो रहे भाजपा के 119 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। स्वागत के बाद प्रतिनिधिमंडल को नई दिल्ली के लिए रवाना किया गया।

यह प्रतिनिधिमंडल पार्षदों, नगरपालिका अध्यक्षों, महापौर एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों से युक्त है, जो 'केरल एक्सप्रेस' (ट्रेन संख्या 12625) से आज राजधानी पहुंचा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक एकजुटता एवं चुनावी उत्साह स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। केरल प्रदेश उपाध्यक्ष के. सुमन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक शक्ति और कार्यकर्ताओं की निष्ठा के बल पर केरल में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करेगी। भाजपा जिला महानगर अध्यक्ष हरीशंकर राजू यादव ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन की एकजुटता ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है। मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के केरल प्रदेश उपाध्यक्ष के. सोमन, प्रदेश मीडिया संयोजक संदीप एस., उपमहापौर आशा नाथ, त्रिपुनिथुरा नगरपालिका अध्यक्ष पी. एल. बाबू, पलक्कड़ नगरपालिका अध्यक्ष पी. स्मितेश तथा तिरुवनंतपुरम शहर जिला अध्यक्ष करमन जयन सहित अनेक वरिष्ठ नेता शामिल हैं। इस अवसर पर हरिओम शर्मा, एडवोकेट पवन हिंडोल, विजय शर्मा, पार्षद नितिन कौशिक, हर्ष गौड़, गौरी शंकर खंडेलवाल, योगेश चौधरी, विपिन पाराशर, विपिन चाहर, विष्णु वार्ष्णेय, मंडल मंत्री गौरी खंडेलवाल, सत्यवान सिंह, विनय गिरी गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

### गोवर्धन के ग्राम रामनगर में श्मशान घाट नहीं

# एक साथ दो मौतों से खड़ी हुई दाह संस्कार की समस्या

**संवाददाता**

**यूनिक समय, गोवर्धन।** गोवर्धन क्षेत्र की ग्राम पंचायत जचौदा के मजरा ग्राम रामनगर में श्मशान घाट न होने के कारण ग्रामीणों को वर्षों से दाह संस्कार के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन पहले उस समय स्थिति और गंभीर हो गई, जब गांव में एक साथ दो लोगों की मौत हो गई और परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए जगह तक नहीं मिल सकी। गांव निवासी बरसा (30) पत्नी प्रेम सिंह की हृदय गति रुकने से मौत हो गई, जबकि बृजमोहन (65) पुत्र रामप्रसाद का बीमारी के चलते निधन हो गया। दोनों शवों के दाह संस्कार के लिए परिजन और ग्रामीण जब श्मशान स्थल की ओर गए तो उन्हें कीचड़ से होकर गुजरना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि रामनगर गांव में कई वर्षों से श्मशान घाट का निर्माण नहीं हुआ है। इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत के प्रधान, सचिव, एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। बृजमोहन के परिजनों ने बताया कि श्मशान स्थल पर पहले से एक दाह संस्कार चल रहा था। इस कारण उन्हें अपने पिता के अंतिम संस्कार के लिए इंतजार करना पड़ा। वही ग्रामीण रंजीत सिंह, रूपकिशोर, बच्चू सिंह, राजेश, महेंद्र सिंह, महावीर सिंह, पदम सिंह, बबली एवं संजू ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से गांव में श्मशान स्थल बनवाने की मांग की है।



ग्राम पंचायत जचौदा के मजरा ग्राम रामनगर में श्मशान घाट पर खड़े ग्रामीण।

मामले को लेकर जब ग्राम पंचायत सचिव प्राची से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें ग्राम पंचायत जचौदा में तैनात हुए करीब पांच महीने हुए हैं। रामनगर में श्मशान घाट की समस्या पहले से चली आ रही है। अधिकारियों द्वारा स्थल का निरीक्षण किया जा चुका है। संबंधित रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। जल्द ही गांव में श्मशान घाट का निर्माण कराया जाएगा।




# तेज रफ्तार स्कूटी ने ढाया कहर



एक्सीडेंट के बाद घटनास्थल पर एकत्रित लोगों की भीड़ का नजारा।



नरेंद्र



गौरव



इमरान



सुनील

### कुलचे खाते लोगों को टक्कर मार घसीटती ले गई

### चार लोग हुए घायल, लोगों की मौके पर लगी भीड़

**कार्यालय संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली की रिपोटिंग चौकी कृष्णानगर क्षेत्र स्थित जल निगम कार्यालय के समीप एक ठेल पर बैठकर कुलचे खाते लोगों को एक तेज रफ्तार स्कूटी जोरदार टक्कर मारती हुई नाले के फुटपाथ से टकरा गई। अचानक हुए इस हादसे से वहां अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में स्कूटी सवार सहित चार लोग घायल हो गए। जल निगम कार्यालय के बाहर सड़क पर छोले कुलचे की ठेल लगती है। इन ठेलों पर बड़ी संख्या में लोग छोले कुलचे खाने के लिए आते हैं। आज दोपहर भी दुकान पर ग्राहकों की भीड़ लगी हुई थी। कुछ ग्राहक स्टूल पर बैठकर खा रहे थे। कुछ लोग छोले कुलचे लेने के इंतजार में खड़े थे। इसी दौरान कृष्णानगर की ओर से आ रही एक स्कूटी पर सवार युवक तेज गति से आया और वहां छोले कुलचे खाते लोगों को टक्कर मारता हुआ, वहां से तीन चार मीटर दूर खींचता हुआ ले गया। स्कूटी और तीन लोग जल निगम की बाउंड्री से पहले बने फुटपाथ से टकरा कर घायल हो गए। घायलों में स्कूटी सवार राधेश्याम कॉलोनी निवासी गौरव है। दूसरे घायलों में आगरा से मथुरा कंपनी की विजट पर आने वाले आगरा निवासी सुनील कुमार और औरंगाबाद निवासी इमरान और नरेंद्र घायल हो गए। इस घटना से आस-पास के लोगों एकत्रित हो गए। दुर्घटना में स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

## ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर स्कूटी सवार महिला की मौत, पति घायल

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत हाथरस-मथुरा मार्ग गांव पिरसुआ के समीप ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर स्कूटी सवार महिला की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे में पति गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार खोडा विसावली निवासी रामवती (60) अपने पति संतोष के साथ बाजार से सब्जी लेकर लौट रही थी। इस दौरान हाथरस की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक ने लापरवाही से स्कूटी में टक्कर मार दी। इस दौरान मौके पर ही रामवती की मौत हो गयी। वही इस हादसे में पति गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल को अस्पताल भिजवाया।

# ठगी: रास्ता पूछने के बहाने महिला से कुंडल और नकदी ले गए बदमाश



पीड़ित महिला

### कानों से कुंडल एवं बीस हजार रुपए ले गए ठग

### बैंक से रुपए निकालने के बाद डाकघर में जमा कराने जा रही थी

**संवाददाता**

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर में बदमाशों को पुलिस का कोई खौंफ नहीं रह गया है। मंगलवार को बदमाशों ने बैंक से लौट रही एक महिला को थाने से चंद कदम दूर बहला फुसलाकर ठग लिया। ठग उसके कानों से सोने के कुंडल एवं बैंक से निकाले बीस हजार रुपए ले गए। पीड़िता ने थाने में शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गांव तूमौला निवासी हरवती पत्नी जगतसिंह रुपये निकालने के लिए बैंक आई थी।

बीस हजार रुपए बैंक से निकालने के बाद वह थाना रोड स्थित डाकघर में जमा कराने जा रही थी। डाकघर के समीप दो बाइक सवार युवकों ने उन्हें रास्ता पूछने के बहाने रोक लिया। युवक ने महिला के मुंह के पास रूमाल हिलाया। जिसके बाद उसने महिला से करीब 80 हजार रुपये कीमत के सोने के कुंडल उतरवा लिए और थैला में रखे बीस हजार रुपए भी ले लिए और फरार हो गए। बदमाशों के जाने के करीब 20 मिनट बाद महिला को होश आया तो उसने अपने साथ हुई घटना के बारे में शोर मचाकर लोगों को बताया। मंगलवार को पीड़ित महिला एवं उसके स्वजन थाने पहुंचे और तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने अभी जांच के नाम पर अभी तक मामला तक दर्ज नहीं किया। इंस्पेक्टर क्राइम उमेश कुमार ने बताया सीसीटीवी कैमरों को चैक कर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# भात देने आए परिवार के बच्चे को बाइक ने मारी टक्कर

### बालक की मौत, दूसरा हुआ चोटिल

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जैंत के नगला रामताल में भात देने के लिए आए परिवार के एक बालक को आज प्रातः एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बालक की मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद बाइक सवार बाइक को छोड़ कर मौके से भाग गया। थाना जैंत के गांव नगला रामताल निवासी श्याम सुंदर की लड़की की शादी थी। शादी में भात देने के लिए गोपाल निवासी नगला छत्ती थाना फरह अपने परिवार के साथ नगला रामताल कल आया था। बताया गया कि आज भात का कार्यक्रम होने से पहले गोपाल का आठ साल का बेटा अंकुश दूसरे बच्चों के साथ सड़क किनारे कच्चे में खेल रहा था। इसी बीच देवी आटस की ओर से तेज गति से आते बाइक सवार आज प्रातः बच्चों को बाइक की जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में अंकुश की मौत हो गई और एक बच्चा चुटैल हो गया।

दुर्घटना के बाद बाइक सवार बाइक को छोड़कर भाग गया। श्याम सुंदर के घर चल रहा खुशी का माहौल बच्चे की मौत से गमगीन हो गया। दुर्घटना का पता लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



### कितने चालान कर लो, कितना भी जुर्माना कर लो

# फिर भी हम चलेंगे बिना हेलमेट और तीन-तीन सवारियों के साथ



बिला हेलमेट लगाए बाइक सवार पुलिसकर्मी।




बिना हेलमेट लगाए बाइकों पर तीन-तीन सवारी।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** कितनी बार चालान कर लो। कितना जुर्माना कर लो। पर हम सुधरने वाले नहीं है। हम तो बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाएंगे और बाइक पर तीन-तीन सवारी चलेंगे। सड़क हादसा रोकने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिस और एआरटीओ महकमे के अधिकारी कितने भी अभियान चला लें, लेकिन लोग सुधरने वाले नहीं है। आखिर लापरवाह लोगों को कानून का डर क्यों नहीं है। देखने वाली बात तो यह है कि दिल्ली, गुरुग्राम जैसे बड़े शहरों में लोग अपने घरों से वाहन निकालने से पहले कानून का पालन करते नजर आएंगे, लेकिन यूपी में ऐसा क्या है, लोग कानून को हवा में उड़ाते

### कानून का पाठ पढ़ाने वाले पुलिसकर्मी भी बाइक पर बिना हेलमेट नजर आते हैं

नजर आते हैं। पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का पाठ पढ़ाने के लिए न जाने स्कूल कॉलेजों में कितना अभियान चलाया, लेकिन नतीजा सिफर निकला। आम लोग छोड़िए, स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं भी बिना हेलमेट दो पहिया वाहनों को लेकर सड़क पर दौड़ते नजर आते हैं। इनके साथ कानून का पाठ पढ़ाने वाले कई पुलिसकर्मी भी बाइक पर बिना हेलमेट नजर आते हैं। अब स्थिति सुधरे तो कैसे सुधरे। चालान और जुर्माने का भी कानून की धज्जियां उड़ाने वालों पर कोई असर नहीं है।




## नगर आयुक्त ने वार्ड 61 और 64 के लोगों का दर्द सुना



निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त जगप्रवेश से बातचीत करते क्षेत्रीय लोग।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा-वृंदावन नगर निगम के नगर आयुक्त जगप्रवेश ने वार्ड संख्या 61 चौबिया पाड़ा एवं वार्ड संख्या 64 घाटी बहालराय का निरीक्षण किया। उन्होंने होली गेट से द्वारकाधीश मंदिर क्षेत्र तक तथा उससे जुड़े मार्गों एवं वार्ड 61 से हरि गुरु पार्क तक पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मार्केट क्षेत्र की सुव्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण, सीवर लाइन संबंधी समस्याओं के निराकरण, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य नागरिक सुविधाओं का अवलोकन किया गया। नगर आयुक्त ने अधिशासी अभियंता राम कैलाश को निर्देशित किया कि क्षेत्र में कहीं भी सीवर ओवरफ्लो की स्थिति न रहे, सभी मैनहोल सुरक्षित एवं दुरुस्त अवस्था में हों तथा किसी भी प्रकार की लीकेज की समस्या उत्पन्न न होने पाए। संबंधित अधिकारियों को नियमित

### समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया

मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। निर्माण विभाग को द्वारकाधीश मंदिर के आसपास स्थित नालियों को व्यवस्थित रूप से कवर करने के निर्देश प्रदान किए।

हरि गुरु पार्क में नागरिकों के बैठने को चबूतरे के निर्माण की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए, जिससे क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। वार्ड संख्या 64 से पार्षद बालकिशन पाठक, वार्ड संख्या 61 से पार्षद प्रतिनिधि रामकिशन पाठक, अधिशासी अभियंता जल राम कैलाश, अवर अभियंता जल अजय और अवर अभियंता निर्माण इमरान उपस्थित थे।

## श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मन्दिर में विदाई समारोह




श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा द्वादश के विद्यार्थियों के विदाई समारोह में प्रस्तुति देते भैया।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मन्दिर मावार को कक्षा द्वादश के विद्यार्थियों के सम्मान में शुभकामना एवं आशीर्वाद (विदाई) समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार बंसल, प्रबन्धक डॉ. तेजपाल सिंह तथा प्रधानाचार्य हरेन्द्र कुमार सारस्वत ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्पण के साथ किया गया। सांस्कृतिक सत्र में विद्यालय के भैया तमाल कृष्ण, धनंजय, कृष शर्मा, विवान, शौर्य, सूर्यांश, राघव पाराशर एवं रजत आदि ने "मधुराष्टकम्" की सुमधुर प्रस्तुति दी। कक्षा

### कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के उपाध्यक्ष तथा प्रधानाचार्य ने किया

एकादश के भैया साहिल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए अपने अग्रज विद्यार्थियों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। छात्र संसद के प्रधानमन्त्री अमित कुमार सहित कक्षा द्वादश के भैया सचिन गौतम, ओम भट्ट एवं गगन राघव ने अपने अनुभव साझा किए।

विद्यालय में बिताए गए पलों को स्मरण करते हुए भावपूर्ण उदगार व्यक्त किए। संचालन कक्षा एकादश के भैया पृथ्वी चौधरी एवं वैभव कृष्ण तिवारी ने किया। संयोजन का दायित्व आचार्य राघवेन्द्र सिंह एवं सुशील शर्मा ने निभाया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्यद्वय प्रेमशंकर एवं श्रीमती नीलम माहेश्वरी आदि उपस्थित थे।

## चक्की पर आटा पिसाने गए युवक पर जानलेवा हमला

**यूनिक समय, चौमुहां (मथुरा)।** थाना जैंत क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भरतिया में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। युवक चक्की पर आटा पिसवाने जा रहा था। चार हमलावरों के खिलाफ थाना जैंत में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ग्राम भरतिया निवासी वेदप्रकाश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उनका बेटा करण सोमवार को घर से चक्की पर आटा पिसवाने के लिए गया था। जब वह वापस लौट रहा था, तभी रास्ते में गांव नवादा थाना हाईवे के रहने वाले करण सिंह, भरतिया निवासी बंटी, केशव तथा सचिन ने उसे घेर लिया और उस पर लाठी डंडों से बुरी तरह मारपीट की। मारपीट में उसके सिर में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गया। मारपीट करने के बाद आरोपी गाली-गलौज करते हुए और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। घायल को अस्पताल ले जाया गया।

## भूतेश्वर तिराहा से लेकर मसानी चौराहा तक भव्य सड़क बनेगी

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (सीएम ग्रिड) योजना के तहत भूतेश्वर तिराहा से लेकर मसानी चौराहा (अग्रसेन चौक) तक बनने वाली सड़क का आज शिलान्यास किया।

करीब 30 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से तैयार होने वाली इस सड़क के कार्य का शुभारंभ महापौर विनोद अग्रवाल ने विधि-विधान से नारियल फोड़कर और पूजा-अर्चना के साथ किया। कहा कि यह मार्ग शहर की लाइफलाइन है। इस परियोजना के पूरा होने से न केवल स्थानीय निवासियों को बल्कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को भी सुगम यातायात



सड़क का शिलान्यास पूजन करते महापौर विनोद अग्रवाल एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष हरीशंकर सिंह राजू यादव आदि।

की सुविधा मिलेगी। नगर आयुक्त जगप्रवेश ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण के दौरान यातायात व्यवस्था बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा विकास कार्य जरूरी हैं लेकिन जनता की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। संचालन सहायक अभियंता शशांक शर्मा ने किया। मुख्य

### महापौर ने पूजन कर शिलान्यास किया

अभियंता (निर्माण) तुषार चौहान ने उपस्थित सभी अतिथियों को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। महंत गोपालाचार्य ने मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन कराया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजू यादव, एबीवीपी के पूर्व प्रांत अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, महापौर प्रतिनिधि अंकुर अग्रवाल, हरिओम शर्मा एडवोकेट, प्रमोद बंसल, पार्षद राकेश भाटिया, नीरज वशिष्ठ, कुंजबिहारी भारद्वाज, पार्षद ब्रजेश खरे, धर्मेश तिवारी, धनंजय लोधी, अंकुर गुर्जर, ब्रजेश अहेरिया, मुनेश दीक्षित, देवेंद्र कुमार एवं पवन लोधी आदि उपस्थित थे।

## जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने पकड़े तीन चोर

**कार्यालय संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** राजकीय रेलवे पुलिस और आरपीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से की गई चेकिंग के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या आठ के आगरा एंड के निकट से ट्रेनों और स्टेशनों पर चोरी करने वाले तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इनके पास से चोरी के मोबाइल भी मिले हैं। जीआरपी मथुरा जंक्शन के थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि मथुरा जंक्शन पर होने वाले अपराधों की रोकथाम और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ और जीआरपी की टीम प्लेटफार्म नंबर आठ पर चेकिंग कर रही थी। चेकिंग टीम जैसे ही प्लेटफॉर्म के आगरा एंड के समीप पहुंची वहां झाड़ियों के नजदीक तीन युवकों को देख कर चेकिंग टीम ने उन्हें पकड़ लिया। तलाशी

### तलाशी के दौरान उनके कब्जे से चोरी के मोबाइल मिले

के दौरान उनके कब्जे से पुलिस को चोरी के चार मोबाइल मिले। पुछताछ में गिरफ्तार युवकों ने अपने नाम रवि प्रजापति व विजय पाठक निवासी छतीममोरी थाना चंदला जिला छतरपुर, संतोष उर्फ संजय निवासी गांव बांध टोला बसराया थाना बसराया जिला रायबरेली को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के चार मोबाइल बरामद किए हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरक्षक गौरव कुमार माल्या, उप निरीक्षक प्रवेंद्र कुमार, उप निरीक्षक अमित कुमार, उप निरीक्षक आरपीएफ सजीत सिंह चंदेल आदि शामिल थे।

### रास्तों पर भरा पानी, नरक बनी ग्रामीणों की जिंदगानी

# बठैनगेट की पवन कुंज कॉलोनी के हालात बदतर, किया प्रदर्शन



कोसीकलां के पवन कुंज कॉलोनी में प्रदर्शन करती महिलाएं।

संवाददाता

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर के बठैन गेट इलाके में बसी पवन कुंज कॉलोनी में समस्याओं से त्रस्त लोगों ने प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन से समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की है। बठैनगेट इलाके स्थित पवन कुंज कॉलोनी में मंगलवार को बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। कॉलोनी के वाशिंदों ने बताया कि कॉलोनी कोसी देहात ग्राम पंचायत में आती हैं लेकिन यहां बसावट होने से लेकर आज तक विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ। जिससे यहां रास्तों से लेकर नालियों तक के हालात बद से बदतर हो गए हैं। आलम यह है कि नालियां टूट गई हैं और रास्ते गंदे पानी के तालाबों में तब्दील हो गए हैं। वाशिंदों को हर रोज उसी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

### प्रॉपर्टी डीलरों का कारनामा

**यूनिक समय, कोसीकलां।** प्रॉपर्टी डीलरों ने बिना किसी सुविधा के कॉलोनियां बसा दी हैं। जहां जल निकासी एवं रास्तों का कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने कई रास्तों को बनवाया है। अभी भी वे प्रयास कर रहे हैं। लेकिन इनके विकास के लिए डीलर जिम्मेदारी नहीं ले रहे हैं। जिससे ये परेशानी हो रही है।

**– सुरेश कुमार ग्राम प्रधान**

### रास्ते गंदे पानी के तालाबों में तब्दील हो गए हैं

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान सुरेश को भी कई मर्तबा शिकायत कर चुके हैं। लेकिन उन्होंने भी असमर्थता जताई है। इससे दुखी होकर ग्रामीणों ने वहां प्रदर्शन कर समस्याओं के समाधान की मांग की है।

प्रदर्शन करने वालों में किरन देई, वैजंती, लज्जा, राखी, सुशीला, प्रिया, विवेक, अनीता, लक्ष्मी, रजनी, शकुंतला, कल्पना, पूरन देवी, राजश्री, अर्जुन, कल्लू, सोनू, लोकेश, अरूण, देवकीनंदन, प्रदीप, विजय, रामजीलाल, हीरा, चेतराम, राकेश, नारायण, प्रभुदयाल, विकास, रमेशचंद, दीपचंद, मानसिंह, राजू, राकेश, रिशी एवं बलवीर सिंह शामिल थे।




## रतनलाल फूल कटोरी देवी स्कूल में रंगारंग विदाई समारोह आयोजित



मिस फेयरवेल कुमारी मंजू के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नीता सिंह।

**यूनिक समय, मथुरा।** रतनलाल फूल कटोरी देवी स्कूल में कक्षा एकादश की छात्राओं द्वारा कक्षा द्वादश की छात्राओं के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्साह, भावनाओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सराबोर रहा।

इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती ममता भारद्वाज, मुख्य अतिथि डॉ. रूपा गोपाल, मुख्य वक्ता डॉ. सीमा मिश्रा, कौशल विकास कोर्स की संचालिका श्रीमती मीनल अग्रवाल तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नीता सिंह की उपस्थिति रही। निर्णायक मंडल में श्रीमती भव्या गोयल एवं श्रीमती आरती दीक्षित ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कक्षा एकादश की विज्ञान, वाणिज्य एवं कला वर्ग की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। गीत, नृत्य और अन्य प्रस्तुतियों की उपस्थित अतिथियों ने भूरी–भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा द्वादश की छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

कई चरणों के बाद फाइनल राउंड में मिस फेयरवेल का खिताब कुमारी मंजू, मिस ब्यूटी कुमारी कीर्ति और मिस परफेक्ट कुमारी आस्था को प्रदान किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. नीता सिंह ने छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने जगाई स्वच्छता की अलख



स्वच्छता की अलख जगाते राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी।

संवाददाता

**यूनिक समय, गोवर्धन।** श्री बाबू लाल महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई का द्वितीय एक दिवसीय शिविर नंदगांव स्थित आशेश्वर महादेव पर लगाया गया। आशेश्वर महादेव के समीप स्थित जलाशय के घाटों की सफाई की गई तथा वहां जमी हुई मिट्टी को फावड़े और तसलों की सहायता से दूर हटाया गया। साथ ही विद्यार्थियों ने नंद भवन के दर्शन भी किया। विद्यार्थियों को महाविद्यालय से भेजते समय प्राचार्य डॉ लीविस कुलश्रेष्ठ ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य 24 घंटे सेवा में तत्पर रहने का होता है, जिसे हमारे विद्यार्थी पूर्ण समर्पण के साथ कर रहे हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी धीरज कौशिक, अनूप कुमार अग्रवाल, विमलेश सिकरवार, रेखा शर्मा, रवि कुमार आदि का सहयोग रहा।

### श्री बाबूलाल महाविद्यालय का द्वितीय एक दिवसीय शिविर

## छात्रा से अश्लील हरकते करने वाले अभियुक्त को तीन साल की कैद

### कोर्ट ने 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) संतोष कुमार ने स्कूल जाती छात्रा के साथ अश्लील हरकते और मारपीट करने के मामले में अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए तीन साल की कैद और 12 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मुकदमे की पैरवी करने वाले सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि थाना कोसीकलां के गांव जाब निवासी युवक करन सिंह वहीं रहने वाली एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ करता था। अपनी छत से उसे अश्लील इशारे करता था। रास्ते में उस पर अश्लील फबतिया कसता था। मोबाइल फोन पर अलग–अलग नंबरों से फोन करके लड़की से बातचीत करने की बात करता था। लड़की 10 दिसंबर 2021 को अपने भाई के साथ स्कूल में पढ़ने के लिए जा रही थी। कोकिलावन नंदगाव रोड पर दोनों भाई बहन टेंपो के इंतजार में खड़े थे। इसी दौरान करण मोटरसाइकिल पर आया और वहां बाइक को खड़ी करने के बाद किशोरी को जबररदस्ती गलत नीयत से पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकते करने लगा। भाई ने उसका विरोध किया तो करण ने उसके साथ मारपीट की। इसी दौरान वहां कुछ लोगों के आ जाने पर करण वहां से धमकी देकर भाग गया। इस मामले में थाना कोसीकलां में मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) संतोष कुमार के न्यायालय में हुई। न्यायाधीश ने उसे दोषी मानते हुए उक्त सजा से दंडित किया।

## महाराज सिंधिया अंडर–13: सीएई मथुरा ने पहला मैच जीता



**यूनिक समय, मथुरा।** क्रिकेट अकेडमी फॉर एक्सीलेंस के सीपी क्रिकेट स्टेडियम पर आयोजित महाराज सिंधिया अंडर–13 टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में सीएई मथुरा ने तानसेन क्रिकेट अकेडमी ग्वालियर को हराकर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्वालियर की टीम 34 ओवर में 122 रन पर ऑलआउट हो गई। अर्नव कुमार ने 29, निर्भीक कनकर ने 26 और आरव भदौरिया ने 24 रन बनाए। सीएई मथुरा की ओर से शिवांग शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए, जबकि भविष्य सेन और कुश शर्मा को 1–1 सफलता मिली। पांच बल्लेबाज रन आउट हुए। जवाब में सीएई मथुरा ने 25 ओवर में 2 विकेट पर 125 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। कप्तान हर्षित यादव ने नाबाद 37, आर्यन तोमर ने 34 और राधिका यादव ने नाबाद 24 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच शिवांग शर्मा और हर्षित यादव को संयुक्त रूप से चुना गया।

### सहारा क्रिकेट क्लब अलीगढ़ एवं आर्चीवल क्रिकेट क्लब वृंदावन के बीच फाइनल मैच

## सुपर पावर ओवर में अलीगढ़ ने एक विकेट से जीता मैच

संवाददाता

**यूनिक समय, शेरगढ़ (मथुरा)।** शेरगढ़ ग्रामीण मिनी स्टेडियम में खेलन वन क्रिकेट क्लब कमेटी द्वारा कराए गए राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट मैच के दौरान फाइनल में अलीगढ़ एवं वृंदावन टीम 17 जनवरी को फाइनल में पहुंच गई थी लेकिन कुछ राजनीतिक नेताओं के चक्कर में फाइनल मैच 18 जनवरी को होना था लेकिन वही फाइनल मैच 10 फरवरी को खेला गया, इसमें सहारा क्रिकेट अलीगढ़ और आर्चीवल क्रिकेट क्लब वृंदावन के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच टॉस चेयरमैन कपिल ने कराया। सहारा क्रिकेट क्लब अलीगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। इसमें निर्धारित 20 ओवर में 178 रन बनाकर 6 विकेट होकर आउट हो गई। जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हर्षित पालीवाल ने 30 रन, अमन का 30 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में आर्चीवल क्रिकेट क्लब वृंदावन ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। अंत में मैच बराबरी पर रहा। कमेटी ने निर्णय लिया दोनों टीमों का एक ओवर का सुपर पावर मैच खेला जाएगा। दोनों टीमों में पहले एक ओवर का खेल वृंदावन क्रिकेट क्लब ने खेलते हुए एक ओवर में सात रन बनाए जिसके जवाब में सहारा क्रिकेट क्लब अलीगढ़ ने खेलते हुए पहले ही बॉल में एक छक्का मार कर शानदार प्रदर्शन करते हुए एक विकेट से मैच जीत लिया। विजेता टीम सहारा क्रिकेट क्लब अलीगढ़ को 1.31 लाख रुपये एवं शील्ड का पुरस्कार चेयरमैन कपिल ने दिया।



विजेता टीम सहारा क्रिकेट क्लब अलीगढ़ को शील्ड प्रदान करते हुए कपिल चेयरमैन, संजय प्रधान एवं कमेटी के अध्यक्ष महेश धीरज तिवारी आदि।

उपविजेता टीम आर्चीवल क्रिकेट क्लब वृंदावन को 81 हजार एवं शील्ड का पुरस्कार महावीर बिधूड़ी ने दिया। मुख्य अतिथि संजय प्रधान थे। सभी ने उनका स्वागत किया। मैन ऑफ द मैच शुभम गौतम को दिया गया। बेस्ट बॉलर का पुरस्कार शुभम गौतम एवं बेस्ट बल्लेबाज दीपांशु को दिया। मैच के मैन ऑफ द सीरीज अंकुर चौधरी को पुरस्कार 21 हजार रुपए व शील्ड का पुरस्कार पवन पोर्चा ने दिया।

### वैज्ञानिकों की स्टडी में सामने आए उत्साहजनक परिणाम

# किडनी और हार्ट की दवा से इनफर्टिलिटी के इलाज की नई उम्मीद

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मेडिकल साइंस में हाल ही में हुई एक नई खोज ने महिलाओं में इनफर्टिलिटी के इलाज को लेकर उम्मीद जगाई है। क्रोनिक किडनी डिजीज और हार्ट फेलियर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवा फाइनरेनोन अब महिलाओं में समय से पहले ओवेरियन इनसफिशिएंसी के उपचार में भी असरदार साबित हो सकती है। यह शोध जापान की जुंटेंडो यूनिवर्सिटी और हांगकांग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मिलकर किया है, जिसे अमेरिकी जर्नल साइंस के इलेक्ट्रॉनिक संस्करण में प्रकाशित किया गया है।



**क्या है समय से पहले ओवेरियन इनसफिशिएंसी:** जब किसी महिला के पीरियड्स 40 वर्ष की उम्र से पहले बंद हो जाते हैं, तो इसे समय से पहले ओवेरियन इनसफिशिएंसी कहा जाता है। इस स्थिति में ओवरी के टिश्यू में फाइब्रोसिस यानी कठोरता आ जाती है, जिससे फॉलिकल्स की वृद्धि प्रभावित होती है। इसके कारण अंडाणु विकसित नहीं हो पाते और महिलाओं की प्रजनन क्षमता पर सीधा असर पड़ता है, जिससे कई मामलों में बांझपन की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

**फाइनरेनोन कैसे करती है काम:** फाइनरेनोन ऐसी दवा है, जो किडनी और हार्ट के टिश्यू में फाइब्रोसिस को रोकने में मदद करती है। वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया कि यदि यह दवा अन्य अंगों में टिश्यू की कठोरता कम कर सकती है, तो संभव है कि यह ओवरी में भी फॉलिकल्स की ग्रोथ को बढ़ाने में सहायक हो। इस परिकल्पना की जांच के लिए सबसे पहले चूहों पर परीक्षण किया गया।

**पशु परीक्षण और क्लिनिकल ट्रायल के नतीजे:** प्रयोग के दौरान जिन चूहों को फाइनरेनोन दी गई, उनमें सामान्य से अधिक संतानें पैदा हुईं और नवजातों में कोई असामान्यता नहीं देखी गई। इसके बाद वैज्ञानिकों ने पीओआई से पीड़ित महिलाओं पर क्लिनिकल ट्रायल किया। मरीजों को फाइनरेनोन के साथ ओवरी स्टिमुलेशन और ओवम मैचुरेशन से जुड़ी अन्य दवाएं दी गईं। परिणामस्वरूप इन विट्रो फर्टिलाइजेशन के जरिए सफल फर्टिलाइज्ड अंडा प्राप्त हुआ, जिससे प्रजनन क्षमता में सुधार के संकेत मिले।

**मौजूदा इलाज से बेहतर विकल्प की तलाश:** इससे पहले वर्ष 2013 में इन विट्रो एक्टिवेशन तकनीक विकसित की गई थी, जिसमें सर्जरी के जरिए ओवरी के हिस्से को निकालकर फॉलिकल्स को सक्रिय किया जाता है। हालांकि इस प्रक्रिया में जनरल एनेस्थीसिया की जरूरत होती है, जो सभी मरीजों के लिए सुरक्षित नहीं होती। ऐसे में वैज्ञानिक बिना सर्जरी के प्रभावी ओरल दवा की तलाश कर रहे थे और करीब 1300 दवाओं के परीक्षण के बाद फाइनरेनोन सबसे उपयुक्त पाई गई।

**आगे के शोध की जरूरत:** विशेषज्ञों का कहना है कि यह शोध इनफर्टिलिटी के इलाज में नई दिशा दिखाता है। हालांकि दवा की सुरक्षा और प्रभावशीलता को लेकर बड़े स्तर पर और परीक्षण जरूरी हैं। यदि भविष्य में इसके सकारात्मक परिणाम मिलते हैं, तो समय से पहले पीरियड्स बंद होने से जूझ रही महिलाओं के लिए मातृत्व का सपना पूरा करना आसान हो सकता है।




# वॉक के साथ एक महीने तक खाएं दलिया, तेजी से घटेगा वजन



**यूनिक समय, मथुरा।** वजन घटाने के लिए सिर्फ एक्सरसाइज ही काफी नहीं होती, बल्कि सही डाइट का पालन करना भी बेहद जरूरी है। अगर आप रोजाना वॉक के साथ हेल्दी नाश्ता अपनी दिनचर्या में शामिल कर लें तो तेजी से वजन कम किया जा सकता है। मोटापे से परेशान लोगों के लिए दलिया एक बेहतरीन विकल्प माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, अगर नियमित रूप से 1 महीने तक नाश्ते में दलिया का सेवन किया जाए और इसके साथ वर्कआउट या वॉक की जाए तो वजन पर तेजी से असर देखने को मिल सकता है। दलिया पोषण से भरपूर और लो कैलोरी फूड है। इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर और प्रोटीन पाया जाता है, जो लंबे समय तक पेट भरा रखता है और बार–बार भूख लगने से बचाता है। दलिया के सेवन से शरीर को जरूरी पोषक तत्वों के साथ विटामिन बी भी मिलता है। करीब 100 ग्राम दलिया में अच्छी मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो पाचन को बेहतर बनाता है और वजन घटाने में मदद करता है। यही वजह है कि इसे हेल्दी ब्रेकफास्ट के रूप में डाइट में शामिल करने की सलाह दी जाती है।

दलिया बनाना भी बेहद आसान है। गेहूं या जौ के दलिया को हल्का रोस्ट करके पानी में भिगो लें। इसके बाद कुकर में थोड़ा तेल डालकर जीरा, प्याज, लहसुन और अपनी पसंद की सब्जियां जैसे गाजर, बीन्स, मटर या शिमला मिर्च डालकर पकाएं। इसमें हल्दी, नमक और भीगा हुआ दलिया डालकर पर्याप्त पानी के साथ 3 सीटी तक पकाएं। ऊपर से हरा धनिया और नींबू डालकर इसे खाया जा सकता है।

अगर रोजाना नियमित रूप से दलिया का सेवन किया जाए और तला–भुना, मीठा व फास्ट फूड से दूरी बनाई जाए तो एक महीने में 4 से 5 किलो तक वजन कम किया जा सकता है। हालांकि बेहतर परिणाम के लिए संतुलित आहार और नियमित व्यायाम जरूरी है।

# बदलते मौसम में त्वचा का निखार बनाए रखें

**यूनिक समय, मथुरा।** मौसम में बदलाव का असर सबसे पहले हमारी त्वचा पर दिखाई देता है। ठंड, गर्मी या नमी के कारण त्वचा की चमक कम होने लगती है और रूखापन, दाग–धब्बे या मुंहासों जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में त्वचा की प्राकृतिक चमक बनाए रखने के लिए घरेलू उपाय काफी कारगर साबित हो सकते हैं। हल्दी का उबटन एक ऐसा ही पारंपरिक नुस्खा है, जिसका इस्तेमाल दादी–नानी के समय से त्वचा की देखभाल के लिए किया जाता रहा है। औषधीय गुणों से भरपूर हल्दी त्वचा को साफ, चमकदार और स्वस्थ बनाने में मदद करती है।



**हल्दी का उबटन बनाने की आसान विधि:** हल्दी का उबटन घर पर बनाना बेहद आसान है। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में आधा चम्मच हल्दी पाउडर लें। इसमें एक से दो चम्मच बेसन मिलाएं और फिर थोड़ा सा दूध डालें। अगर दूध उपलब्ध न हो तो दही का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इन सभी चीजों को अच्छी तरह मिलाकर एक स्मूद पेस्ट तैयार कर लें। यह प्राकृतिक उबटन त्वचा की सफाई और निखार के लिए बेहद प्रभावी माना जाता है।

**इस्तेमाल करने का सही तरीका:** हल्दी का उबटन तैयार होने के बाद इसे चेहरे और गर्दन पर समान रूप से लगाएं। बेहतर परिणाम के लिए इसे 15 से 20 मिनट तक त्वचा पर लगा रहने दें। जब उबटन हल्का सूख जाए तो चेहरे को साफ पानी से धो लें। नियमित रूप से इस प्रक्रिया को अपनाने से त्वचा में निखार आने लगता है और त्वचा स्वस्थ दिखने लगती है।

**त्वचा को मिलते हैं कई फायदे:** हल्दी में एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो त्वचा को संक्रमण से बचाने में मदद करते हैं। इसका उपयोग मुंहासों, दाग–

## त्वचा के लिए फायदेमंद घरेलू नुस्खा

धब्बों और झाइयों को कम करने में सहायक माना जाता है। इसके अलावा हल्दी का उबटन त्वचा की रंगत सुधारने और प्राकृतिक चमक बढ़ाने में भी मदद करता है। सप्ताह में एक या दो बार इसका इस्तेमाल करने से त्वचा साफ और मुलायम बनी रहती है।


**पैच टेस्ट करना जरूरी:** हालांकि, हल्दी का उबटन पूरी तरह प्राकृतिक है, फिर भी इसे चेहरे पर लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करना चाहिए। इससे त्वचा पर किसी भी तरह की एलर्जी या जलन से बचा जा सकता है। नियमित देखभाल और संतुलित स्किन केयर रूटीन के साथ हल्दी का उबटन आपकी त्वचा का निखार बनाए रखने में मददगार साबित हो सकता है।

### एनसीआर का सबसे बड़ा फैमिली डेस्टिनेशन

# नोएडा का जीआईपी मॉल : रौनक से खामोशी तक का सफर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नोएडा का ग्रेट इंडिया प्लेस (जीआईपी) मॉल, जो कभी दिल्ली–एनसीआर के सबसे लोकप्रिय शॉपिंग और एंटरटेनमेंट हब में गिना जाता था, आज अपनी बदहाल स्थिति और सुनसान गलियारों के कारण चर्चा में है। सोशल मीडिया और रेडिट पर वायरल हो रहे वीडियो में खाली दुकानें और सूने कॉरिडोर देखकर लोग इसे "भूतिया मॉल" तक कहने लगे हैं। हालांकि, इस मॉल की कहानी इसकी शानदार शुरुआत से लेकर धीरे–धीरे आई गिरावट तक कई उतार–चढ़ाव से भरी रही है। साल 2007 में यूनिटेक ग्रुप ने एंटरटेनमेंट सिटी लिमिटेड के साथ मिलकर जीआईपी मॉल को विकसित किया था। करीब 150 एकड़ में फैला यह विशाल कॉम्प्लेक्स वल्ड्र्स ऑफ वंडर, किडज़ानिया और गार्डन्स गैलेरिया जैसे बड़े एंटरटेनमेंट सेंटर के पास स्थित होने के कारण जल्दी ही लोगों की पहली पसंद बन गया। छह मंजिला इस मॉल में 230 से ज्यादा आउटलेट, मल्टीप्लेक्स, फूड कोर्ट और मनोरंजन के कई विकल्प मौजूद थे। मेट्रो से आसान पहुंच के चलते यहां रोजाना हजारों लोग आते थे और यह जगह परिवारों के वीकेंड और सेलिब्रेशन का प्रमुख केंद्र बन गई थी।

**शुरुआती सफलता और बढ़ती लोकप्रियता:** जीआईपी की सफलता का सबसे बड़ा कारण इसकी टाइमिंग और बड़ा आकार था। उस समय भारत में संगठित रिटेल तेजी से बढ़ रहा था और इस मॉल ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स को एक छत के नीचे लाकर ग्राहकों को नया अनुभव दिया। बिग बाजार, पैंटालून, शॉपर्स स्टॉप, नाइकी, एडिडास और टाइटन जैसे ब्रांड्स ने इसे आकर्षक बनाया, वहीं फूड कोर्ट और आसपास के एंटरटेनमेंट विकल्पों ने इसकी लोकप्रियता और बढ़ा दी। अपने चरम पर यह मॉल प्रतिदिन लगभग 30 हजार विजिटर्स को आकर्षित करता था।




**प्रतिस्पर्धा और संरचनात्मक कमजोरियां:** हालांकि, 2010 के बाद एनसीआर में नए और आधुनिक मॉल खुलने लगे, जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ गई। 2017 में पास ही डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया के खुलने से जीआईपी को बड़ा झटका लगा। आधुनिक डिजाइन, बेहतर ब्रांडिंग और नए अनुभवों के कारण ग्राहकों का रुझान धीरे–धीरे नए मॉल की ओर बढ़ने लगा। इसके साथ ही जीआईपी की संरचनात्मक समस्याएं भी सामने आईं। मॉल की कई रिटेल यूनिट्स अलग–अलग निवेशकों को बेच दी गई थीं, जिससे एकीकृत प्रबंधन और किरायेदारों की योजना बनाना मुश्किल हो गया। परिणामस्वरूप कई दुकानें लंबे समय तक खाली रहने लगीं और मॉल की चमक फीकी पड़ती गई।

**महामारी, कर्ज और जांच से बढ़ी मुश्किलें:** कोविड–19 महामारी ने मॉल के कारोबार को गहरा नुकसान पहुंचाया। लंबे समय तक बंद रहने के कारण कई ब्रांड वापस नहीं लौटे और राजस्व में भारी गिरावट आई। 2023 तक एंटरटेनमेंट सिटी लिमिटेड पर 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज होने की खबरें सामने आईं। पूरे कॉम्प्लेक्स को बेचने की चर्चा भी हुई, लेकिन कोई ठोस सौदा नहीं हो सका। इसके बाद 2024 में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मॉल से जुड़ी एक कंपनी की संपत्ति अटैच किए जाने से इसकी छवि को और नुकसान पहुंचा और निवेशकों व ब्रांड्स के बीच अनिश्चितता बढ़ गई।

**वायरल वीडियो और "भूतिया मॉल" की छवि:** हाल के महीनों में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में मॉल के खाली हिस्से, बंद दुकानें और कम भीड़ ने लोगों का ध्यान खींचा। कभी भीड़ से भरे रहने वाले इस मॉल की मौजूदा स्थिति ने लोगों को हैरान कर दिया और इसे "घोस्ट टाउन" जैसी पहचान मिलने लगी। क्या पूरी तरह बंद हो चुका है जीआईपी? हालांकि, तमाम चर्चाओं के बावजूद जीआईपी मॉल पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। यहां अभी भी 200 से अधिक ब्रांड संचालित हो रहे हैं और वीकेंड पर कुछ हिस्सों में अच्छी खासी भीड़ देखी जाती है। वैल्यू फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और फूड आउटलेट्स अभी भी ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं।

## सुविचार

जैसे उबलते पानी में कभी परछाई नही दिखती ठीक उसी प्रकार परेशान मन से समाधान भी नहीं दिखते, शांत होकर देखिए सभी समस्याओं का हल मिल जायेगा..!

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | दशमी | 07:27-09:49 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | अनुराधा | 07:55-10:52 तक | माह | फाल्गुन |
| सूर्योदय | | 7:03 AM | चन्द्रोदय | 02:11 AM |
| सूर्यास्त | | 6:08 PM | चंद्रास्त | 12:28 PM |
| सूर्य राशि | | मकर राशि | चंद्र | मीन राशि |
| शुभ मुहूर्त | | | ब्रहम् मुहूर्त | 05:34-06:22 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | 12:36PM-01:59PM | | वार | गुरुवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# इन 10 लक्षणों से जानें कि हनुमानजी के दूत हैं आपके आसपास

**यूनिक समय, मथुरा।** सनातन परंपरा में भगवान हनुमान को शक्ति, भक्ति, साहस और संकटमोचन स्वरूप माना गया है। मान्यता है कि जो भक्त सच्चे मन से हनुमानजी की आराधना करते हैं, हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं और मंगलवार–शनिवार को मंदिर जाकर सेवा करते हैं, उन पर हनुमानजी की विशेष कृपा बनी रहती है। कहा जाता है कि जब भक्त पर हनुमानजी प्रसन्न होते हैं, तो वे अपने दूतों को उसकी रक्षा और मार्गदर्शन के लिए भेजते हैं। आइए जानते हैं वे 10 संकेत, जिनसे आप समझ सकते हैं कि हनुमानजी की कृपा आप पर है।

**सपने में बंदर का दिखाई देना-** यदि आपको दो या उससे अधिक बार सपने में बंदर दिखाई दें, तो इसे शुभ संकेत माना जाता है। बंदर हनुमानजी का प्रतीक माने जाते हैं। यह संकेत हो सकता है कि हनुमानजी की कृपा आप पर है और उनके दूत आपकी रक्षा में सक्रिय हैं।

**सपने में हनुमानजी या श्रीराम के दर्शन-** यदि स्वप्न में हनुमानजी या प्रभु श्रीराम के दर्शन हों, तो यह अत्यंत शुभ माना जाता



है। इसका अर्थ है कि दिव्य शक्तियां आप पर प्रसन्न हैं और आपके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने वाले हैं।

**दुर्घटनाओं से बार-बार बच जाना-** यदि आप किसी बड़ी दुर्घटना या संकट से कई बार बाल-बाल बच जाते हैं, तो यह संकेत हो सकता है कि कोई अदृश्य शक्ति आपकी रक्षा कर रही है। ऐसी स्थिति में अपनी भक्ति और श्रद्धा को और मजबूत करना चाहिए।

**जीवन में निरंतर प्रगति-** जब बिना बड़ी बाधाओं के कार्य सफल होने लगें, जीवन में स्थिरता आए और हर क्षेत्र में उन्नति दिखे, तो इसे हनुमानजी की कृपा का परिणाम माना जाता है। ऐसे समय में विनम्र रहकर ईश्वर का आभार प्रकट करना चाहिए।

**मन, वचन और कर्म की पवित्रता-** यदि आपकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, आप सत्य का पालन करते हैं, नशा और मांसाहार से दूर रहते हैं तथा परिवार के प्रति प्रेमपूर्ण व्यवहार रखते हैं, तो यह हनुमानजी की कृपा का संकेत माना जाता है।

MANNAT
GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

**शनि दोष का प्रभाव न होना-** ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार हनुमानजी की आराधना से शनि के कष्ट कम होते हैं। यदि साढ़े साती, ढैया या अन्य शनि दोष का विशेष प्रभाव नहीं पड़ता, तो इसे भी हनुमान कृपा का प्रतीक माना जाता है।

**साहसी लेकिन विनम्र स्वभाव-** निर्भीक, शक्तिशाली और प्रभावशाली होने के बावजूद यदि व्यक्ति न्यायप्रिय और विनम्र बना रहता है, तो यह हनुमानजी के गुणों का प्रतिबिंब है। ऐसा व्यक्ति हनुमानजी की विशेष कृपा का पात्र माना जाता है।

**सपने में कीर्तन और प्रसाद-** यदि आप स्वप्न में किसी कीर्तन या धार्मिक आयोजन में हनुमानजी का प्रसाद ग्रहण करते हुए दिखें, तो यह अत्यंत शुभ संकेत है। यह दर्शाता है कि आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग आपके लिए खुल रहा है।

**अच्छे कार्य तुरंत पूर्ण होना-** जब आप किसी शुभ कार्य का संकल्प लें और वह बिना रुकावट पूर्ण हो जाए, तो इसे भी दिव्य सहयोग का संकेत माना जाता है। यह दर्शाता है कि सकारात्मक ऊर्जा आपके साथ है।

**अदृश्य सुरक्षा का एहसास-** यदि आपको ऐसा महसूस हो कि कोई अदृश्य शक्ति आपके साथ चल रही है और आप भयमुक्त हैं, तो यह विशेष कृपा का संकेत माना जाता है। इससे आत्मविश्वास और आंतरिक शक्ति बढ़ती है। इन संकेतों को आस्था और विश्वास के दृष्टिकोण से देखा जाता है। सच्ची भक्ति, सेवा और सदाचार ही हनुमानजी की कृपा प्राप्त करने का सर्वोत्तम मार्ग है। जब मन पवित्र और कर्म श्रेष्ठ होते हैं, तब ईश्वर की कृपा स्वयं मार्ग प्रशस्त करती है।

## नए साल का व्रत–त्योहार कैलेंडर

- 13 फरवरी, दिन शुक्रवार : विजया एकादशी
- 14 फरवरी, दिन शनिवार : शनि प्रदोष व्रत
- 15 फरवरी, दिन रविवार : महाशिवरात्रि या फाल्गुन मासिक शिवरात्रि
- 17 फरवरी, दिन मंगलवार : दर्श अमावस्या, फाल्गुन अमावस्या, पहली भौमवती अमावस्या

## कल का राशिफल

**मेष राशि:** जबरदस्त इच्छाशक्ति और स्पष्टता महसूस करेंगे। मंगलदेव की कृपा से आप पेंडिंग कार्यों को पूरा करने और महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर नियंत्रण पाने में सफल रहेंगे। धैर्य और शांत बातचीत आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी।

**वृषभ राशि:** आपका धैर्य और शांत स्वभाव ही आपकी सबसे बड़ी जीत बनेगा। शुक्रदेव की कृपा से आप संवेदनशील बातचीत को बहुत ही शालीनता से संभाल लेंगे। आपकी विश्वसनीयता ऑफिस और घर दोनों जगह सम्मान दिलाएगी।

**मिथुन राशि:** आपकी विश्लेषण क्षमता और एकाग्रता बहुत शानदार रहेगी। बुधदेव की कृपा से आप जटिल कार्यों को कुशलता से निपटा लेंगे। विस्तार पर आपका ध्यान आपकी कार्यक्षमता को बढ़ाएगा।

**कर्क राशि:** आपकी रचनात्मकता और इन्टूशन बहुत प्रबल रहेगा। चंद्रदेव की कृपा से आप दूसरों की भावनाओं को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप खुद को बेहतर तरीके से व्यक्त कर पाएंगे।

**सिंह राशि:** आपका आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता एक नई चमक के साथ दिखाई देगी। सूर्यदेव की कृपा से आप जिम्मेदारियों को बहुत ही मैच्योरिटी से संभालेंगे। कठिन परिस्थितियों में भी आपका शांत रहना सबको प्रभावित करेगा।

**कन्या राशि:** आपकी स्पष्ट सोच और विश्लेषणात्मक शक्ति आपको सफलता दिलाएगी। बुधदेव की कृपा से आप संचार और योजना बनाने वाले कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। आपकी मेहनत को लोग सराहेंगे।

**तुला राशि:** आप अपनी पर्सनल वैल्यूज और स्टेबिलिटी पर फोकस करेंगे। शुक्रदेव की कृपा से आप वित्तीय और भावनात्मक उलझनों को बहुत ही बैलेंस्ड तरीके से सुलझा लेंगे। आपका कूटनीतिक व्यवहार सफल रहेगा।

**वृश्चिक राशि:** चंद्रदेव आपकी ही राशि में गोचर कर रहे हैं, जिससे आपकी पर्सनल पावर और इन्टूशन चरम पर रहेगा। मंगलदेव आपको हर बाधा को पार करने का साहस देंगे। आप अपनी बातों को बहुत प्रभावशाली ढंग से रखेंगे।

**मकर राशि:** शनिदेव का प्रभाव आपको जबरदस्त अनुशासन और विजन दे रहा है। आप अपने सामाजिक संपर्कों और नेटवर्क का लाभ उठाकर अपने लक्ष्यों के करीब पहुंचेंगे। आपकी मेहनत रंग लाएगी।

**धनु राशि:** बृहस्पतिदेव की कृपा से आपकी अंतर्दृष्टि बहुत स्ट्रॉन्ग रहेगी। आप शांत रहकर स्थितियों का विश्लेषण करेंगे और सही निष्कर्ष पर पहुंचेंगे। आध्यात्मिक कार्यों और आत्म-चिंतन से आपको शांति मिलेगी।

**कुंभ राशि:** शनिदेव आपके लग्न में रहकर आपको मजबूती दे रहे हैं। आपकी कार्यक्षमता और अनुशासन आपको करियर में नई ऊंचाइयां देगा। आप अपनी जिम्मेदारियों को बहुत ही गंभीरता और निपुणता से निभाएंगे।


**मीन राशि:** बृहस्पतिदेव की कृपा से आपके ज्ञान और समझ का विस्तार होगा। आप स्थितियों को व्यापक नजरिए से देखेंगे। आध्यात्मिक झुकाव और गहरी सोच आपको मानसिक शांति और स्पष्टता प्रदान करेगी।

# चार धाम यात्रा 2026: रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, जानें पूरी ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रक्रिया

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तराखंड की पावन धरती पर स्थित यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम की यात्रा को हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु चार धाम यात्रा में शामिल होकर आध्यात्मिक शांति और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। वर्ष 2026 की चार धाम यात्रा में शामिल होने के लिए सरकार ने रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया है। उत्तराखंड सरकार और पर्यटन विभाग द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रशासन के अनुसार, बढ़ती भीड़ और सीमित स्लॉट को देखते हुए हर यात्री को यात्रा से पहले पंजीकरण कराना जरूरी होगा। रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद श्रद्धालुओं को ई-पास जारी किया जाएगा, जिसे यात्रा के दौरान चेकिंग प्वाइंट्स पर दिखाना अनिवार्य होगा।

**चार धाम यात्रा 2026 कब शुरू होगी?** संभावित कार्यक्रम के अनुसार, चार धाम यात्रा 2026 की शुरुआत 19 अप्रैल से हो सकती है। इसी दिन अक्षय तृतीया के अवसर पर यमुनोत्री




और गंगोत्री धाम के कपाट खुलेंगे। इसके बाद भगवान केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के कपाट भी निर्धारित तिथियों पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। हालांकि अंतिम तिथियों की आधिकारिक घोषणा मंदिर समितियों द्वारा की जाएगी।

**रजिस्ट्रेशन क्यों है जरूरी?** चार धाम यात्रा के लिए प्रत्येक श्रद्धालु का पंजीकरण अनिवार्य है। बिना वैध रजिस्ट्रेशन के किसी भी यात्री को यात्रा मार्ग पर आगे बढ़ने की अनुमति नहीं मिलेगी। सरकार का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, भीड़ प्रबंधन करना और आपात स्थिति में सहायता उपलब्ध कराना है। रजिस्ट्रेशन से प्रशासन को यात्रियों की संख्या का सही अनुमान मिलता है, जिससे आवास, चिकित्सा और अन्य व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से की जा सकें।

**ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की स्टेप-बाय-स्टेप प्रक्रिया-** चार धाम यात्रा 2026 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करना बेहद आसान है। स्टेप 1: आधिकारिक चारधाम यात्रा पोर्टल या उत्तराखंड पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर जाएं। स्टेप 2: अपने मोबाइल नंबर से लॉगिन करें और ओटीपी के माध्यम से सत्यापन (वेरिफिकेशन) करें। स्टेप 3: यात्रा की तिथि चुनें और जिन धामों में दर्शन करना चाहते हैं, उनका चयन करें। स्टेप 4: अपनी व्यक्तिगत जानकारी भरें, जैसे-पूरा नाम, पता, आयु, पहचान पत्र का विवरण आदि। स्टेप 5: वैध पहचान पत्र (आधार, पैन, पासपोर्ट आदि) और हाल की पासपोर्ट साइज फोटो अपलोड करें। स्टेप 6: सभी जानकारी सही भरने के बाद सबमिट करें। सफल पंजीकरण के बाद आपको एक कोड युक्त यात्रा पास प्राप्त होगा। इसे डाउनलोड कर प्रिंट निकाल लें या मोबाइल में सुरक्षित रखें। यात्रा के दौरान यह ई-पास दिखाना अनिवार्य होगा।

# मकर राशि में बना बुधादित्य और लक्ष्मी योग : तीन राशियों पर बरसेगा अचानक धन

**यूनिक समय, मथुरा।** ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों की युति और विशेष योगों का अत्यंत महत्व माना जाता है। जब शुभ ग्रह अनुकूल स्थिति में आते हैं तो कई राशियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलते हैं। वर्तमान समय में मकर राशि में सूर्य और बुध की युति से बुधादित्य योग बन रहा है, वहीं शुभ ग्रहों की स्थिति से लक्ष्मी योग का भी निर्माण हो रहा है। इन दोनों शक्तिशाली योगों का एक साथ बनना एक बड़ा ज्योतिषीय संयोग माना जा रहा है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस विशेष ग्रह संयोग का प्रभाव खासकर तीन राशियों पर धन लाभ, करियर उन्नति और आर्थिक स्थिरता के रूप में देखने को मिल सकता है। आइए विस्तार से जानते हैं इन योगों का महत्व और किन राशियों को मिलेगा लाभ।

**क्या है बुधादित्य और लक्ष्मी योग?**

**बुधादित्य योग-** जब सूर्य और बुध एक ही राशि में एक साथ विराजमान होते हैं, तब बुधादित्य योग बनता है। सूर्य आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और प्रतिष्ठा का कारक है, जबकि बुध बुद्धि, वाणी, व्यापार और संचार का प्रतिनिधित्व करता है। इन दोनों ग्रहों की युति से बनने वाला बुधादित्य योग व्यक्ति की निर्णय क्षमता को मजबूत करता है। यह योग विशेष रूप से व्यापार, सरकारी कार्यों, प्रशासनिक क्षेत्र और बौद्धिक कार्यों में सफलता दिलाने




वाला माना जाता है। प्रमोशन, सम्मान और करियर में नई उपलब्धियों के संकेत इस योग से मिलते हैं।

**लक्ष्मी योग-** लक्ष्मी योग को धन, वैभव और ऐश्वर्य का प्रतीक माना जाता है। यह योग तब बनता है जब शुक्र मजबूत स्थिति में हो और शुभ ग्रहों का सहयोग प्राप्त हो। शुक्र सुख-सुविधा, भौतिक संपन्नता और आकर्षण का कारक है। जब बुधादित्य योग के साथ लक्ष्मी योग भी बन जाए, तो यह आर्थिक दृष्टि से अत्यंत शुभ संकेत देता है। ऐसे समय में आय के नए स्त्रोत खुल सकते हैं, निवेश से लाभ मिल सकता है और रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना रहती है।

**मकर राशि में योग का प्रभाव क्यों है खास?** मकर राशि शनि की राशि मानी जाती है और यह कर्म, अनुशासन, धैर्य और दीर्घकालिक सफलता का प्रतीक है। शनि व्यक्ति को मेहनत का फल देर से लेकिन स्थायी रूप से देता है। जब सूर्य, बुध और शुक्र जैसे प्रभावशाली ग्रह मकर राशि में सक्रिय होते हैं, तो यह संकेत देता है कि मेहनत का परिणाम अब मिलने वाला है। यह योग अचानक धन लाभ के साथ-साथ स्थिर आर्थिक उन्नति भी प्रदान कर सकता है। मकर राशि में बना यह संयोग उन लोगों के लिए खास माना जा रहा है, जो लंबे समय से प्रयासरत हैं और अपने करियर या व्यापार में स्थिरता चाहते हैं।

**इन तीन राशियों पर होगी धनवर्षा-**

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह समय आर्थिक रूप से बेहद शुभ साबित हो सकता है। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिल सकता है। व्यापार में नई डील या साझेदारी की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों को इंक्रीमेंट या बोनस मिल सकता है। निवेश से जुड़े फैसले यदि सोच-समझकर लिए जाएं तो अच्छा लाभ मिल सकता है। पारिवारिक जीवन में भी आर्थिक मजबूती देखने को मिलेगी।

**कन्या राशि-** कन्या राशि पर बुध का विशेष प्रभाव रहता है, इसलिए बुधादित्य योग इनके लिए विशेष लाभकारी माना जा रहा है। करियर में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। प्रतियोगी परीक्षा, इंटरव्यू या प्रमोशन में सफलता मिलने के संकेत हैं। साइड इनकम के नए स्त्रोत खुल सकते हैं। यह समय अपनी स्किल को अपग्रेड करने और वित्तीय योजना बनाने के लिए अनुकूल है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी।

## सम्पादकीय

# साइबर डकैती पर सख्ती हितधारक संस्थाओं की जवाबदेही तय हो

देश में तेजी से बढ़ रहे साइबर ठगी के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख समय की मांग है। अदालत ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में 54 हजार करोड़ रुपये का डिजिटल फ्रॉड किसी साधारण अपराध की श्रेणी में नहीं, बल्कि सीधी-सीधी डकैती है। डिजिटल अरेस्ट और अन्य ऑनलाइन ठगी के जरिये आम लोगों की जीवनभर की कमाई लूटी जा रही है, जिस पर अदालत ने गंभीर चिंता व्यक्त की है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सीबीआई, बैंकों और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की भूमिका पर सवाल उठाए। अदालत ने स्पष्ट कहा कि जब लाखों रुपये तेजी से एक खाते से दूसरे खाते में ट्रांसफर हो रहे होते हैं, तब बैंक समय पर कार्रवाई क्यों नहीं करते? कोर्ट ने यहां तक आशंका जताई कि कुछ मामलों में बैंक अधिकारियों की लापरवाही या संभावित मिलीभगत से इन अपराधों को बढ़ावा मिल सकता है। अदालत ने यह भी कहा कि बैंक जनता के पैसों के ट्रस्टी हैं। उन पर यह नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है कि वे खाताधारकों की जमा पूंजी की रक्षा करें। यदि किसी खाते से असामान्य तरीके से बड़ी राशि निकाली या ट्रांसफर की जा रही है, तो बैंक के सिस्टम को तुरंत अलर्ट होना चाहिए। बैंकों के पास डेबिट कार्ड को अस्थायी रूप से होल्ड करने और संदिग्ध लेन-देन रोकने की शक्ति है, लेकिन सवाल यह है कि इन अधिकारों का प्रभावी उपयोग क्यों नहीं हो रहा? देश में एक वर्ष के भीतर करीब 22 लाख साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज होना इस संकट की गंभीरता को दर्शाता है। डिजिटल अरेस्ट जैसे नए तरीकों से अपराधी लोगों को भयभीत कर उनसे रकम ऐंठ रहे हैं। खासकर बुजुर्ग, सेवानिवृत्त कर्मचारी और तकनीकी रूप से कम जागरूक लोग इन ठगों का आसान शिकार बन रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह साइबर ठगी पर रोक के लिए एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार करे। गृह मंत्रालय को चार सप्ताह के भीतर आरबीआई, दूरसंचार विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर एसओपी का ड्राफ्ट तैयार करने को कहा गया है। यह कदम इसलिए जरूरी है ताकि सभी हितधारक संस्थाओं की जिम्मेदारी स्पष्ट हो और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। वास्तव में, साइबर अपराध अब स्थानीय नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े संगठित अपराध का रूप ले चुका है। ऐसे में केवल शिकायत दर्ज करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि त्वरित तकनीकी निगरानी, बैंकिंग सिस्टम में मजबूत अलर्ट मैकेनिज्म और पुलिस व जांच एजेंसियों का विशेष प्रशिक्षण अनिवार्य है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है कि एक छोटे राज्य के सालाना बजट से भी अधिक रकम साइबर डकैती के जरिये लूट ली गई। यदि समय रहते कठोर और समन्वित कदम नहीं उठाए गए, तो डिजिटल अर्थव्यवस्था पर लोगों का भरोसा कमजोर पड़ सकता है। अब आवश्यक है कि केंद्र और राज्य सरकारें, बैंकिंग संस्थान, जांच एजेंसियां और टेलीकॉम प्राधिकरण मिलकर युद्ध स्तर पर काम करें। स्पष्ट जवाबदेही, सख्त निगरानी और त्वरित कार्रवाई ही साइबर डकैती पर प्रभावी अंकुश लगा सकती है। जनता के भरोसे की रक्षा करना ही इस समय सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।



पवन गौतम
संपादक

## नजरिया

# समस्याओं के निराकरण के बजाए अखाड़ा बनी संसद

**योगेंद्र योगी–**

भारत की संसद को लोकतंत्र का सबसे बड़ा और पवित्र मंच माना जाता है। यही वह स्थान है जहां देश की दिशा और दशा तय होती है, नीतियां बनती हैं और करोड़ों नागरिकों की आशाओं-आकांक्षाओं को आवाज मिलती है। लेकिन हालिया घटनाक्रम ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या संसद अब समाधान का मंच रह गई है या केवल राजनीतिक टकराव का अखाड़ा बनती जा रही है?

लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देना था। वे सदन में पहुंच भी चुके थे, लेकिन उनका अभिभाषण शुरू होने से पहले ही भारी हंगामे के चलते कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के विरोध और नारेबाजी के कारण सदन की कार्यवाही ठप हो गई। यह दृश्य केवल एक दिन की घटना नहीं, बल्कि वर्तमान संसदीय संस्कृति की झलक है।

देश आज कई ज्वलंत समस्याओं से जूझ रहा है। वायु प्रदूषण, मानसिक स्वास्थ्य संकट, बेरोजगारी, वैश्विक रैंकिंग में गिरावट, युवाओं का पलायन और आर्थिक चुनौतियां-इन सब पर गहन चर्चा और ठोस समाधान की आवश्यकता है। लेकिन संसद में इन विषयों पर सार्थक विमर्श के बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप हावी दिखाई देते हैं। दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और अन्य शोध संस्थानों के अध्ययन बताते हैं कि वायु प्रदूषण केवल श्वसन तंत्र को ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। पीएम 2.5 जैसे सूक्ष्म कण और जहरीली गैसें दिमागी सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव का कारण बनती हैं, जिससे अवसाद, चिंता और चिड़चिड़ापन बढ़ता है। बच्चों में एडीएचडी और सीखने में कठिनाई जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों ने इसे 'मानसिक स्वास्थ्य आपातकाल' की स्थिति तक बताया है। लंबे समय तक प्रदूषित हवा में रहने से अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसे तंत्रिका संबंधी रोगों का खतरा भी बढ़ जाता है। एम्स की एक रिसर्च में स्पीच एनालिसिस तकनीक के जरिए डिप्रेशन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है, जो इस संकट की गंभीरता को दर्शाता है। इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी की 77वीं वार्षिक राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में यह तथ्य सामने आया कि भारत में लगभग 60 प्रतिशत मानसिक रोग 35 वर्ष से कम उम्र के लोगों में पाए जा रहे हैं। यह आंकड़ा इसलिए चिंताजनक है क्योंकि यही आयु वर्ग देश की उत्पादक शक्ति है-जो पढ़ाई पूरी करता है, करियर बनाता है और सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाता है। कोविड-19 महामारी, आर्थिक



अस्थिरता और बदलती सामाजिक संरचना ने युवाओं के मानसिक तनाव को और बढ़ा दिया है। महामारी के बाद शिक्षा, रोजगार और भविष्य की अनिश्चितता ने चिंता और अवसाद के मामलों में वृद्धि की है। ऐसे समय में संसद से अपेक्षा की जाती है कि वह युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य, रोजगार सृजन और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर ठोस नीति बनाए। साल 2026 के जिम्मेदार राष्ट्र सूचकांक में सिंगापुर पहले स्थान पर है, जबकि भारत 16वें स्थान पर है। यह सूचकांक इस आधार पर तैयार किया जाता है कि कोई देश अपने नागरिकों और वैश्विक समुदाय के प्रति कितना जिम्मेदार है। शासन, समाज और पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले देशों को उच्च स्थान मिलता है। इसी तरह 2026 के ग्लोबल सॉफ्ट पावर इंडेक्स में भारत 48.0 के स्कोर के साथ 32वें स्थान पर है। यह पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान नीचे है और 1.8 अंक की गिरावट दर्शाता है। सॉफ्ट पावर का अर्थ है-किसी देश की वह क्षमता, जिससे वह अपनी संस्कृति, मूल्यों और नीतियों के माध्यम से विश्व को प्रभावित करता है। भारत जैसी प्राचीन और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाले देश के लिए यह गिरावट चिंता का विषय है। इन आंकड़ों पर संसद में गंभीर चर्चा होनी चाहिए थी, लेकिन सदन में हंगामा और निलंबन की खबरें सुर्खियां बन रही हैं।

हालिया सत्र में लोकसभा में भारी हंगामे के दौरान कुछ सांसदों ने स्पीकर के आसन की ओर कागज फेंके। इस पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। यह प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री द्वारा लाया गया, जिसे सदन ने मंजूरी दी। राहुल गांधी को बोलने से रोके जाने के आरोप पर विपक्ष ने विरोध जताया और सदन में नारेबाजी शुरू कर दी। कुल आठ सांसदों पर निलंबन की कार्रवाई हुई। इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर सरकार का पक्ष रख रहे थे, लेकिन विपक्षी हंगामे के कारण चर्चा बाधित हो गई। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुली और रचनात्मक बहस लोकतंत्र की आत्मा है। यदि विपक्ष को आपत्ति है तो उसे तथ्यों और तर्कों के साथ अपनी बात रखनी चाहिए, न कि सदन की कार्यवाही को बाधित कर। राजनीतिक अस्थिरता और संसदीय गतिरोध का असर केवल नीति निर्माण तक सीमित नहीं रहता। इसका प्रभाव देश की छवि, निवेश और नागरिकों के मनोबल पर भी पड़ता है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में दो लाख से अधिक भारतीयों ने नागरिकता त्याग दी। 2023 में यह संख्या 2 लाख 16 हजार 219 थी। विशेषज्ञों का मानना है कि शिक्षा और रोजगार के सीमित अवसर, सामाजिक असमानता, प्रदूषण, राजनीतिक माहौल और बेहतर जीवनशैली की चाहत लोगों को विदेश जाने के लिए प्रेरित कर रही है। जब देश के युवा और उद्यमी अपने भविष्य को लेकर आश्वस्त नहीं होते, तो वे बेहतर अवसरों की तलाश में विदेश का रुख करते हैं। यह प्रवृत्ति केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक संकेत भी देती है। यदि संसद में सार्थक चर्चा और नीतिगत स्पष्टता नहीं होगी, तो निवेश और नवाचार का माहौल कमजोर पड़ सकता है। लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है, लेकिन असहमति को अराजकता में बदलना लोकतंत्र की आत्मा के विपरीत है। संसद का दायित्व है कि वह सरकार को जवाबदेह बनाए, लेकिन साथ ही राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दे। वायु प्रदूषण से लेकर मानसिक स्वास्थ्य संकट तक, बेरोजगारी से लेकर वैश्विक प्रतिस्पर्धा तक-देश के सामने चुनौतियों की लंबी सूची है। इन पर गंभीर बहस, ठोस नीति और समयबद्ध क्रियान्वयन की आवश्यकता है। संसद यदि लगातार हंगामे का मंच बनी रहेगी, तो समस्याओं का समाधान कैसे निकलेगा? राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि लोकतांत्रिक गरिमा केवल चुनाव जीतने से नहीं, बल्कि जिम्मेदार व्यवहार से कायम रहती है। सत्ता पक्ष को विपक्ष की बात सुनने की परिपक्वता दिखानी चाहिए और विपक्ष को भी विरोध की मर्यादा का पालन करना चाहिए। संसद केवल राजनीतिक टकराव का मंच नहीं, बल्कि राष्ट्रीय निर्माण का केंद्र है। यहां लिए गए निर्णय आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करते हैं। यदि यह मंच दलगत स्वार्थों का अखाड़ा बन जाएगा, तो देश की वास्तविक समस्याएं पीछे छूट जाएंगी। आज आवश्यकता है कि देश के कर्णधार आत्ममंथन करें। संसद की गरिमा बहाल करें, संवाद की संस्कृति को मजबूत करें और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें। इससे पहले कि हालात और बिगड़ें, जिम्मेदारी का एहसास करते हुए समाधान की ओर ठोस कदम बढ़ाना समय की मांग है।

## विचार विण्डो

# कृषि उपज के लिए बाजार को खोलना यानी बवंडर को निमंत्रण

**– उमेश चतुर्वेदी**

भारतीय किसानों के आशंकित होने की वजह रोलिंग्स का बयान ही नहीं, अमेरिकी कृषि विभाग की कोशिशें भी हैं। रोलिंग्स ने व्यापार समझौते पर तीन फरवरी को एक्स पर खुशी जताते हुए लिखा कि यह समझौता अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत के विशाल बाजार में अधिक निर्यात करने में मदद करेगा, जिससे अमेरिकी कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ेंगी। इसमें दो राय नहीं है कि संयुक्त राज्य अमेरिका बरसों से भारतीय कृषि बाजार में बड़ी और व्यापक पहुंच हासिल करने की कोशिश में है। हाल ही में अमेरिका के साथ भारत ने महत्वपूर्ण व्यापार समझौता किया है। इसके तहत अमेरिकी बाजारों में भारतीय सामान 18 प्रतिशत के ही टैरिफ पर उपलब्ध हो सकेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय सामानों पर मनमाने तरीके से थोपे गए पचास प्रतिशत के टैरिफ के मुकाबले मौजूदा व्यापार समझौते के तहत अमेरिका की ओर से प्रस्तावित 18 प्रतिशत का टैरिफ कम ही कहा जाएगा। हालांकि अतीत के करीब तीन प्रतिशत के मुकाबले फिर भी यह बहुत ज्यादा है। बहरहाल इसी समझौते के मद्देनजर जिस तरह से अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रुक लेस्ली रोलिंग्स ने खुशी जताई, उससे भारतीय किसान आशंकित हो उठे।

भारतीय किसानों के आशंकित होने की वजह रोलिंग्स का बयान ही नहीं, अमेरिकी कृषि विभाग की कोशिशें भी हैं। रोलिंग्स ने व्यापार समझौते पर तीन फरवरी को एक्स पर खुशी जताते हुए लिखा कि यह समझौता अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत के विशाल बाजार में अधिक निर्यात करने में मदद करेगा, जिससे अमेरिकी कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ेंगी। इससे ग्रामीण अमेरिका में नकदी आएगी। रोलिंग्स यहीं पर नहीं रूके। उन्होंने सिर्फ 2024 के आंकड़ों का



हवाला देते हुए लिखा कि भारत के साथ कृषि कारोबार के चलते अमेरिका को 1.3 अरब डॉलर का घाटा हो रहा है। रोलिंग्स ने उम्मीद जताई कि नए व्यापार समझौते की वजह से विशाल आबादी वाला भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए महत्वपूर्ण बाजार हो सकता है। रोलिंग्स की इस खुशी की वजह से भारतीय किसानों का आशंकित होना जायज है। अमेरिका का कृषि व्यापार घाटा पचास अरब डॉलर है, इसलिए वह लगातार कोशिश करता रहा है कि भारत अपने कृषि बाजारों को खोले। भारत की चिंता की वजह उसकी खेती–किसानी वाली बड़ी जनसंख्या है। भारत के छियासी प्रतिशत किसान सीमांत या लघु हैं। जिनकी जोत दो हेक्टेयर से कम है। भारत में खेती पर करीब 10.7 करोड़ परिवार निर्भर हैं। यह जनसंख्या का करीब बासठ प्रतिशत है। अगर अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजारों में घुसने की अनुमति मिलती है तो भारी सब्सिडी के चलते भारतीय बाजार अमेरिकी कृषि उत्पादों से भर जाएंगे। इससे भारतीय उत्पादों की मांग घट सकती है। इससे भारतीय किसानों के सामने संकट उठ खड़ा हो सकता है। किसानों की आशंकाओं को विपक्षी दलों ने अपने ऊंचे सुरों से और बढ़ाया ही है। लेकिन कृषि, किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह का कहना है कि भारत–अमेरिकी व्यापार समझौते में भारतीय कृषि और डेयरी क्षेत्र के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया गया है और किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं। चौहान का यह भी कहना है कि इस कारोबारी समझौते से देश के मुख्य खाद्यान्नों, मिलेट्स, फलों,सब्जियों और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह अलग रखा गया है। इस लिहाज से देखें तो इस कारोबार समझौते से देश के कृषि और डेयरी क्षेत्र पर किसी प्रकार का खतरा नहीं है। शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक, इस समझौते से भारतीय किसानों को नए अवसर मिलेंगे,क्योंकि इस समझौते में कृषि क्षेत्र को नुकसान पहुंचाए, ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया है। भारत अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों को चावल का बड़ा निर्यातक है। हालिया आंकड़ों के अनुसार, भारत की ओर से अमेरिका समेत कई देशों को करीब 63 हजार करोड़ के चावल का निर्यात कर चुका है। भारत सरकार का दावा है कि नए टैरिफ समझौते से भारतीय किसानों के चावल और मसालों के साथ ही टेक्सटाइल का निर्यात बढ़ेगा। भारत-अमेरिकी समझौते के तहत भारत को अमेरिका से पांच सौ अरब डॉलर का सामान पांच सालों में खरीदना है। वैसे समझौते पर जो संयुक्त वक्तव्य जारी हुआ है, उसके तहत भारतीय कृषि बाजार को भी खोलने की बात कही गई है। लेकिन सरकारी सूत्रों का कहना है कि इस समझौते से, भारतीय चावल, गेहूं, सोया और मक्का जैसे अनाजों को बाहर रखा गया है और साथ ही ट्रेड डील से चीनी और डेयरी प्रोडक्ट्स भी बाहर हैं। ऐसा करने की वजह यह है कि भारतीय किसान और डेयरी उद्योग को कारोबारी परेशानियां न झेलनीं पड़ें। वैसे भी भारत लंबे समय से कृषि और डेयरी उद्योग को 'रेड-लाइन' यानी किनारे रखने वाला सेक्टर मानता रहा है। इसकी वजह है कि गांवों में इनसे जुड़े काफी रोजगार हैं। इन सेक्टर को खोलने को लेकर भारत की बातचीत यूरोप और ब्रिटेन से भी अटक चुकी है। ऐसे में अमेरिका के लिए इस बाजार को खोलना भारतीय किसानों के लिए नुकसानदायक तो होगा ही, राजनीतिक बवंडर की वजह भी बन सकता है। इस बवंडर का सामना करने की हिम्मत विरली राजनीतिक ताकतें ही कर सकती हैं। इस समझौते से भारतीय निर्यातकों, खासतौर पर एमएसएमई, किसानों और मछुआरों के लिए तीन लाख अरब अमेरिकी डॉलर का बड़ा बाजार खुलने की उम्मीद है। इसकी वजह से जो निर्यात बढ़ेगा, उससे महिलाओं और युवाओं के लिए लाखों नए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना जताई जा रही है। भारत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, मुर्गी पालन, दूध, पनीर, एथनॉल, तंबाकू, सब्जियां और मांस सहित संवेदनशील कृषि और दुग्ध उत्पादों को पूर्ण रूप से संरक्षित करेगा। दोनों देश अपने-अपने हित वाले क्षेत्रों में एक-दूसरे को तरजीही बाजार पहुंच प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। आंकड़ों के अनुसार, साल 2024 में भारत ने अमेरिका से 2.4 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद आयात किए थे, जिनमें ज्यादातर ताजे फल, सूखे मेवे, बादाम, अखरोट  मादक पेय, कच्चा कपास, वनस्पति तेल और प्रोसेस्ड सामान हैं। दूसरी तरफ भारत ने अमेरिका को 6.2 अरब डॉलर का कृषि निर्यात किया, जिनमें समुद्री उत्पाद, मसाले, डेयरी उत्पाद, चावल, जड़ी-बूटियों के आयुर्वेदिक उत्पाद प्रमुख रहे। यह भारत के कुल 53.2 अरब डॉलर सालाना के कृषि निर्यात का 11.74 प्रतिशत है। कृषि और डेयरी उत्पाद के कारोबार के इसी असुंलन की वजह से अमेरिका भारतीय बाजार में घुसने की लगातार कोशिश कर रहा है। लेकिन भारतीय सूत्र इससे साफ इनकार कर रहे हैं।

### बोले– निशाना साधना है तो नियम बदलने होंगे

# विवादित पाक गेंदबाज उस्मान तारिक के समर्थन में उतरे अश्विन

**यूनिक समय, नई दिल्ली ।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच 15 फरवरी को होने वाले बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक को लेकर विवाद तेज हो गया है। उनके अनोखे बॉलिंग एक्शन पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। इस बीच टीम इंडिया के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पाकिस्तानी गेंदबाज का समर्थन करते हुए आलोचकों को करारा जवाब दिया है।




दरअसल, पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने उस्मान तारिक के गेंदबाजी एक्शन पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि फुटबॉल में भी पेनाल्टी रनअप के दौरान रुकने की अनुमति नहीं होती, ऐसे में क्रिकेट में गेंद रिलीज करने से पहले रुकना कैसे सही माना जा सकता है। हालांकि उन्होंने गेंदबाजी एक्शन को गलत नहीं बताया, लेकिन डिलीवरी से ठीक पहले रुकने की शैली पर सवाल उठाए। श्रीवत्स के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए अश्विन ने तारिक का बचाव किया। उन्होंने कहा कि यदि गेंदबाजों की तकनीक पर सवाल उठाए जाते हैं तो बल्लेबाजों की नई तकनीकों पर भी चर्चा होनी चाहिए। अश्विन ने अपने पोस्ट में लिखा कि जब बल्लेबाज बिना अंपायर या गेंदबाज को बताए स्विच हिट या रिवर्स शॉट खेल सकते हैं, तो प्रतिबंध सिर्फ गेंदबाजों पर ही क्यों लगाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि गेंदबाजों को लेकर आपत्ति है तो पहले क्रिकेट के नियमों में बदलाव किया जाना चाहिए।


उस्मान तारिक अपने अनोखे और रहस्यमयी गेंदबाजी एक्शन के कारण बल्लेबाजों के लिए चुनौती बने हुए हैं। यही वजह है कि उन्होंने अब तक पाकिस्तान के लिए खेले चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 11 विकेट हासिल किए हैं। उनका प्रदर्शन लगातार चर्चा में बना हुआ है।

टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ होने वाला मुकाबला उस्मान तारिक के करियर का पांचवां मैच होगा। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि स्पिन खेलने में माहिर भारतीय बल्लेबाजों के सामने उनका प्रदर्शन कैसा रहता है। फिलहाल, अश्विन के बयान के बाद गेंदबाजी एक्शन को लेकर बहस और तेज हो गई है।

### रिटायर्ड फौजी की संघर्ष और रिश्तों की कहानी

# 69 की उम्र में अनिल कपूर का दमदार एक्शन अवतार

**यूनिक समय, नई दिल्ली ।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर 69 साल की उम्र में भी अपने दमदार एक्शन अंदाज से दर्शकों को हैरान कर रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सूबेदार' की पहली झलक रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गई है। फिल्म में उनका जबरदस्त एक्शन अवतार देखकर फैंस उनकी तुलना सनी देओल के 'ढाई किलो के हाथ' से कर रहे हैं। अनिल कपूर के इस नए अंदाज को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।



अमेजन प्राइम वीडियो ने अपनी इस प्राइम ओरिजिनल एक्शन–ड्रामा फिल्म के वर्ल्डवाइड प्रीमियर की घोषणा की है। सुरेश त्रिवेणी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 5 मार्च को भारत समेत दुनिया के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण विक्रम मल्होत्रा, अनिल कपूर और सुरेश त्रिवेणी ने मिलकर किया है।

फिल्म 'सूबेदार' की कहानी रिटायर्ड फौजी सूबेदार अर्जुन मौर्या के जीवन पर आधारित है, जो बदलते सामाजिक परिवेश में अपने सिद्धांतों और मूल्यों के साथ संघर्ष करता नजर आता है। कहानी में एक ओर वह अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ता है, वहीं दूसरी ओर अपने बिखरते परिवार को संभालने की कोशिश भी करता है। फिल्म में समाज के गिरते मूल्यों के बीच सम्मान और रिश्तों की अहमियत को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया है। फिल्म में अनिल कपूर के साथ राधिका मदान मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, फैजल मलिक और मोना सिंह ने भी महत्वपूर्ण किरदार निभाए हैं। प्राइम वीडियो इंडिया के ऑरिजिनल्स प्रमुख निखिल मधोक के अनुसार, यह फिल्म एक्शन के साथ–साथ बाप–बेटी के भावनात्मक रिश्ते को भी गहराई से प्रस्तुत करती है। निर्माताओं का कहना है कि 'सूबेदार' सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं, बल्कि अनुशासन, देशभक्ति और पारिवारिक मूल्यों की कहानी है। दमदार एक्शन, भावनात्मक कथानक और अनिल कपूर के प्रभावशाली अभिनय से सजी यह फिल्म दर्शकों को एक अलग सिनेमाई अनुभव देने का दावा करती है। फिल्म की झलक के बाद इसके प्रीमियर को लेकर दर्शकों की उत्सुकता लगातार बढ़ रही है।

# डिविलियर्स का कीर्तिमान टूटा, डी कॉक ने रचा नया इतिहास

## टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अफगानिस्तान के खिलाफ अर्धशतक जड़ बने दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल बल्लेबाज

**यूनिक समय, नई दिल्ली ।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में दक्षिण अफ्रीका के स्टार विकेटकीपर–बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नया इतिहास रच दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में डी कॉक ने दमदार अर्धशतक जड़ते हुए दिग्गज एबी डिविलियर्स का बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उनके इस प्रदर्शन ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाने के साथ ही विश्व क्रिकेट में उनकी अहमियत को और बढ़ा दिया।




मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान एडेन मारक्रम तीसरे ओवर में ही पवेलियन लौट गए, जिससे टीम दबाव में आ गई। इसके बाद सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक और रयान रिकेल्टन ने पारी को संभाला और संयम के साथ आक्रामक बल्लेबाजी की। दोनों खिलाड़ियों ने तेज रन गति बनाए रखते हुए अफगान गेंदबाजों पर दबाव बनाया।

रिकेल्टन ने 23 गेंदों में तेज अर्धशतक जड़ा, जबकि डी कॉक ने 34 गेंदों में चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 114 रनों की शानदार साझेदारी हुई, जिसने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। डी कॉक की इस पारी के साथ ही उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उनके नाम अब 737 रन दर्ज हो चुके हैं, जिससे उन्होंने एबी डिविलियर्स के 717 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस सूची में जेपी डुमिनी (568 रन), डेविड मिलर (482 रन) और एडेन मारक्रम (448 रन) भी शामिल हैं।

इतना ही नहीं, डी कॉक टी20 वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा 50 या उससे अधिक स्कोर बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में भी शीर्ष स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने 29 पारियों में पांचवीं बार 50+ स्कोर बनाया और इस मामले में डिविलियर्स की बराबरी कर ली।

डी कॉक का यह प्रदर्शन न सिर्फ टीम की जीत की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुआ, बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी निरंतरता और मैच जिताने की क्षमता को भी दर्शाता है। उनके इस ऐतिहासिक प्रदर्शन ने दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट को नई ऊंचाई दी है और भविष्य के मुकाबलों के लिए टीम का मनोबल भी बढ़ाया है।

# अंबानी परिवार में नाती की शादी का जश्न



## नीता अंबानी और राधिका मर्चेंट की मौजूदगी में दिखा पारिवारिक स्नेह और परंपरा का संगम

**यूनिक समय, नई दिल्ली ।** देश के प्रतिष्ठित अंबानी परिवार में एक बार फिर जश्न का माहौल देखने को मिला, जब परिवार के नाती विक्रम सलगांवकर की शादी समारोह में सभी सदस्य एक साथ शामिल हुए।

इस भव्य आयोजन में मुकेश अंबानी, नीता अंबानी, अनिल अंबानी और राधिका मर्चेंट समेत पूरा परिवार खुशी के रंग में डूबा नजर आया। समारोह की खास झलक तब सामने आई जब परिवार की मुखिया कोकिलाबेन अंबानी ने मंच पर आकर अपने पोते के लिए पारंपरिक आशीर्वाद गीत गाया। कोकिलाबेन के गीत ने समारोह में भावुक माहौल बना दिया। उनकी आवाज में स्नेह और आशीष झलक रहा था, जिसे सुनकर वहां मौजूद मेहमान भी भाव–विभोर हो उठे। इस दौरान मुकेश अंबानी अपने पोते–पोतियों को गोद में लिए मुस्कुराते नजर आए, जो पारिवारिक प्रेम और संस्कार का प्रतीक बना।

समारोह में नीता अंबानी गुलाबी साड़ी और डायमंड ज्वेलरी में बेहद आकर्षक दिखीं। उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। वहीं राधिका मर्चेंट सफेद पारंपरिक परिधान में बेहद सौम्य नजर आईं और पूरे उत्साह के साथ समारोह का आनंद लेती दिखीं।

बताया जा रहा है कि यह शादी मुकेश अंबानी की बहन दीप्ति सलगांवकर के बेटे विक्रम सलगांवकर की थी, जो ईशा, आकाश और अनंत अंबानी के बड़े कजिन हैं।

विक्रम के पिता दत्ताराज सलगांवकर वीएम सलगांवकर ग्रुप ऑफ कंपनीज के मालिक हैं, जबकि विक्रम वर्तमान में वीएम सलगांवकर होटल्स एंड रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। भव्य आयोजन में परंपरा, पारिवारिक एकता और भावनात्मक जुड़ाव का अनूठा संगम देखने को मिला।

# राजपाल यादव चेक बाउंस केस तिहाड़ जेल पहुंचे अभिनेता



## नवाजुद्दीन सिद्दीकी पर सोशल मीडिया यूजर्स ने साधा निशाना

**यूनिक समय, नई दिल्ली ।** बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव चेक बाउंस मामले को लेकर इन दिनों चर्चा में हैं। इस केस के चलते उन्हें दिल्ली की तिहाड़ जेल जाना पड़ा है। उनके इस मुश्किल समय में जहां फिल्म इंडस्ट्री के कई कलाकार उनके समर्थन में सामने आए हैं, वहीं अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी सोशल मीडिया पर ट्रोल्स के निशाने पर आ गए हैं। राजपाल यादव पिछले 25 वर्षों से अपने अभिनय और कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों का मनोरंजन करते आ रहे हैं। 'छोटा पंडित' जैसे किरदारों से लोकप्रियता हासिल करने वाले राजपाल यादव पर चेक बाउंस केस में कानूनी कार्रवाई हुई, जिसके बाद उन्होंने सरेंडर किया। इस दौरान अभिनेता सोनू सूद और गुरमीत चौधरी सहित कई कलाकारों ने उनके समर्थन में आवाज उठाई है।

इसी बीच सोशल मीडिया पर नवाजुद्दीन सिद्दीकी का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कॉमेडी शो के दौरान अपने संघर्ष के दिनों को याद करते नजर आते हैं। वीडियो में नवाजुद्दीन बताते हैं कि संघर्ष के समय कई कलाकार राजपाल यादव के घर पर रहते और वहीं खाना खाते थे। उन्होंने कहा कि उस दौर में राजपाल यादव के पास सबसे ज्यादा काम होता था और वह सभी की मदद करते थे।

यह वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स नवाजुद्दीन सिद्दीकी से नाराजगी जता रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि जब संघर्ष के दिनों में राजपाल यादव ने उनकी मदद की थी, तो अब उन्हें भी अपने दोस्त का साथ देना चाहिए। कुछ यूजर्स ने नवाजुद्दीन से राजपाल यादव की आर्थिक सहायता करने की मांग की है।

हालांकि इस पूरे मामले में नवाजुद्दीन सिद्दीकी की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं, राजपाल यादव से जुड़ा यह मामला सोशल मीडिया पर लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है।

### महिलाओं-युवाओं-किसानों पर खास फोकस

# यूपी में 9.13 लाख करोड़ का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 9 लाख 12 हजार 696 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में करीब एक लाख करोड़ रुपये अधिक है। सरकार ने इसे राज्य को दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में अहम कदम बताया है।
बजट में 1.77 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत निवेश प्रस्तावित किया गया है। इसके साथ ही महिलाओं, युवाओं, किसानों, उद्योग और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 50 से अधिक नई योजनाओं की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट को 'विकसित भारत' और 'विजन-2047' के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। वर्ष 2017-18 में जहां राज्य का बजट लगभग 3.85 लाख करोड़ रुपये था, वहीं अब यह बढ़कर 9.13 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है।
सरकार ने युवाओं और शिक्षा पर विशेष जोर दिया है। मुफ्त टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण के लिए 2374 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि छात्राओं को स्कूटी देने के लिए 400 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा के लिए 22,167 करोड़ और उच्च शिक्षा के लिए 6,195 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत युवाओं को मुफ्त कोचिंग और कौशल विकास कार्यक्रमों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।
कृषि क्षेत्र में मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना, पशुधन बीमा और सहकारी चीनी मिलों के आधुनिकीकरण जैसी योजनाओं का प्रस्ताव है। वहीं महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की पहल की गई है। स्वास्थ्य क्षेत्र में चार सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर और चिकित्सा महाविद्यालयों में छात्रावास निर्माण की घोषणा की गई है।



### 10 लाख रोजगार सृजन और एग्री एक्सपोर्ट हब का प्रावधान

आईटी और तकनीकी क्षेत्र के विकास के लिए उत्तर प्रदेश एआई मिशन, स्टेट डेटा सेंटर और डेटा सेंटर क्लस्टर स्थापित किए जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ग्रीन बजट टैगिंग बढ़ाने, पौधारोपण और सौर ऊर्जा क्षमता विस्तार पर भी जोर दिया गया है।
विभागीय आवंटन में प्राथमिक शिक्षा, ऊर्जा, गृह और लोक निर्माण विभाग को सर्वाधिक धनराशि दी गई है। साथ ही बुनियादी ढांचा विकास, निवेश बढ़ाने, पर्यटन और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। सरकार का दावा है कि यह बजट संतुलित, समावेशी और सतत विकास को गति देगा। इसके साथ ही प्रदेश में 10 लाख रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है। युवाओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र, रोजगार केंद्र और एग्री एक्सपोर्ट हब के निर्माण की भी घोषणा की गई है।

# मदरसा शिक्षक के आवास पर ईडी की छापेमारी

**यूनिक समय, आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के मिल्लतनगर स्थित मदरसा शिक्षक शमसुल हुदा खान के अस्थायी आवास पर बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की।
ब्रिटिश नागरिकता लेने के बावजूद भारत में वेतन और सेवानिवृत्ति लाभ लेने के आरोपों को लेकर ईडी की टीम ने कई घंटों तक जांच-पड़ताल की। हालांकि कार्रवाई के संबंध में ईडी अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी साझा नहीं की है। जानकारी के अनुसार, संतकबीरनगर निवासी शमसुल हुदा खान की नियुक्ति 12 जुलाई 1984 को आजमगढ़ स्थित 'दारुल उलूम अहले सुन्नत मदरसा अशरफिया मिस्बाहुल उलूम' में सहायक अध्यापक के पद पर हुई थी। वर्ष 2007 में वह ब्रिटेन चले गए और 2013 में वहां की नागरिकता प्राप्त कर ली।
आरोप है कि ब्रिटिश नागरिक बनने के बाद भी उन्होंने 31 जुलाई 2017 तक भारत स्थित मदरसे से वेतन प्राप्त किया। बताया जा रहा है कि इस दौरान विभागीय मिलीभगत से उन्हें लगातार चिकित्सा अवकाश स्वीकृत किया जाता रहा और



### 2013 में ब्रिटेन की नागरिकता लेने के बाद भी भारत में लिया वेतन

करीब 16 लाख रुपये वेतन के रूप में दिए गए। वर्ष 2017 में उन्हें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति भी प्रदान कर दी गई थी। मामले के उजागर होने के बाद शासन ने संबंधित मदरसे की मान्यता निरस्त कर दी थी। इस प्रकरण में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक एसएन पांडेय सहित चार अधिकारियों को निलंबित किया जा चुका है। इन पर आजमगढ़ में तैनाती के दौरान आरोपी को लाभ पहुंचाने का आरोप है। फिलहाल ईडी की जांच जारी है और आगे की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

# न ट्रॉफी, न कैश देवरिया क्रिकेट टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच को मिला देसी मुर्गा

**यूनिक समय, देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में आयोजित एक क्रिकेट टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच को ट्रॉफी या नकद पुरस्कार के बजाय देसी मुर्गा दिए जाने का मामला चर्चा में है। पथरदेवा क्षेत्र के जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में हुए इस अनोखे आयोजन का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।
वायरल वीडियो में मैच समाप्त होने के बाद आयोजक विजेता खिलाड़ी को मंच पर बुलाते हैं और उसे मुर्गे की तस्वीर वाला पोस्टर देते हैं। इसके बाद पास खड़ा एक व्यक्ति खिलाड़ी को जिंदा देसी मुर्गा थमा देता है। खिलाड़ी भी मुस्कुराते हुए इस अनूठे पुरस्कार को स्वीकार करता नजर आता है। यह दृश्य देखकर मैदान में मौजूद दर्शक भी हैरान रह गए और हंसी के ठहाके लगने लगे।
बताया गया कि टूर्नामेंट में दर्शक मैन ऑफ द मैच के इनाम को लेकर




उत्साहित थे और महंगे पुरस्कार की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन देसी मुर्गा दिए जाने की घोषणा ने सभी को चौंका दिया। इसके बावजूद खिलाड़ियों और दर्शकों ने इस पहल को मनोरंजक बताया।
टूर्नामेंट के आयोजक प्रदुमन पांडे के अनुसार यह प्रतियोगिता एक से आठ फरवरी तक आयोजित की गई थी, जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि उनके मित्र अक्सर पार्टी की मांग करते थे, इसलिए उन्होंने मैन ऑफ द मैच के लिए देसी मुर्गा इनाम के रूप में देने का फैसला किया। इस प्रतियोगिता में पथरदेवा की टीम विजेता रही।

# कानपुर लैंबॉर्गिनी हादसे में नया मोड़

**यूनिक समय, कानपुर।** शहर के चर्चित लैंबॉर्गिनी हादसे में बुधवार को नया मोड़ सामने आया, जब कारोबारी केके मिश्रा के ड्राइवर मोहन ने कानपुर कोर्ट में सरेंडर कर खुद को घटना के समय कार चालक बताया। वकील के साथ कोर्ट पहुंचे मोहन ने मीडिया से कहा कि हादसे के वक्त वह ही गाड़ी चला रहा था और अचानक स्थिति बिगड़ने से दुर्घटना हो गई। मोहन ने दावा किया कि शिवम मिश्रा को दौरा पड़ गया था, जिससे वह घबरा गया और वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। उसने बताया कि हादसे के बाद कार का शीशा तोड़ा गया और वह नीचे से निकल गया, जबकि शिवम को बाउंसर ने बाहर निकाला। उसने यह भी कहा कि वह हर तरह की गाड़ी चला सकता है और

### ड्राइवर मोहन का दावा-हादसे के वक्त वही चला रहा था कार

लैंबॉर्गिनी में नौ गियर होते हैं। गौरतलब है कि 8 फरवरी को वीआईपी रोड पर तेज रफ्तार लैंबॉर्गिनी ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी, जिसमें चमनगंज निवासी मो. तौफीक घायल हुए थे। पुलिस जांच में कारोबारी के बेटे शिवम मिश्रा को चालक बताया गया था और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। वहीं कारोबारी केके मिश्रा ने भी दावा किया कि हादसे के समय उनका बेटा नहीं, बल्कि ड्राइवर कार चला रहा था। फिलहाल कार रिलीज और जमानत याचिका पर कोर्ट के फैसले का इंतजार है।

# मेरठ में रिटायर्ड दरोगा ने पत्नी संग की आत्महत्या



**यूनिक समय, मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के गंगानगर थाना क्षेत्र स्थित रक्षापुरम कॉलोनी में बुधवार सुबह रिटायर्ड दरोगा और उनकी पत्नी के शव घर के अंदर पंखे से लटके मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार रिटायर्ड दरोगा लल्लू सिंह अपनी पत्नी के साथ रक्षापुरम स्थित घर में रहते थे। बुधवार सुबह उनके घर काम करने वाली रेखा रोज की तरह सफाई के लिए पहुंची। उसने बताया कि घर के दरवाजे खुले हुए थे। जब वह अंदर दाखिल हुई तो दोनों को पंखे से लटका देख उसकी चीख निकल गई। उसने

### घर में फंदे से लटके मिले शव

तुरंत आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पड़ोसी विनय ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गंगानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने घर की जांच-पड़ताल कर साक्ष्य जुटाए और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। मृतक दंपति के दो बच्चे हैं। बेटा संदीप एयरफोर्स से सेवानिवृत्त है और गंगानगर की गंगाधाम कॉलोनी में रहता है, जबकि बेटी अपने ससुराल में रहती है। पुलिस दोनों बच्चों से भी पूछताछ कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# यह विदाई बजट, यूपी बजट पर अखिलेश यादव का हमला

**यूनिक समय, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को योगी सरकार का "विदाई बजट" बताते हुए दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता से बाहर हो जाएगी। विधानसभा में बजट पेश होने के बाद बुधवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने

### प्रशासनिक नाकामी का लगाया आरोप

सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार बजट का आकार 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने को उपलब्धि बता रही है, जबकि असली सवाल यह है कि आवंटित धन का कितना हिस्सा खर्च हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार औसतन 50 प्रतिशत बजट भी खर्च नहीं कर पा रही है। उनके अनुसार कृषि, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और महिला कल्याण जैसे अहम क्षेत्रों में भी आवंटन का पूरा उपयोग नहीं हुआ, जो प्रशासनिक नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण में सरकार विफल रही है और पुलिस व्यवस्था पर लोगों का भरोसा कमजोर हुआ है। सपा अध्यक्ष ने किसानों के मुद्दे पर भी चिंता जताते हुए कहा कि फ्री ट्रेड और विदेशी बाजारों के बढ़ते प्रभाव से गांव और कृषि क्षेत्र पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। उन्होंने सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए और कहा कि जनता को प्रदेश के भविष्य की दिशा तय करनी होगी।

# गोंडा में सनसनी: यूपीएससी अभ्यर्थी ने सगे भाई की हत्या की

**यूनिक समय, गोंडा।** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवक ने पैसों के विवाद में अपने ही सगे बड़े भाई की बेरहमी से हत्या कर दी। करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के दुल्हन पुरवा गांव निवासी 32 वर्षीय शिव शंकर दुबे हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी छोटे भाई अमरनाथ दुबे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के



अनुसार अमरनाथ दिल्ली और लखनऊ में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। इस दौरान वह एक युवती के संपर्क में आया और घर से मिलने वाले पैसे उसी पर खर्च करने लगा। आर्थिक तंगी और परिवार द्वारा पैसे देने से इनकार

### प्रेमिका पर खर्च के लिए पैसे न मिलने पर दिया वारदात को अंजाम

किए जाने पर उसने हत्या की साजिश रची। योजना के तहत उसने 27 जनवरी को चाकू खरीदा और 3 फरवरी की रात खेत में पानी लगाने के बहाने भाई को घर से दूर ले गया। वहां उसने पहले आंख में मिर्च पाउडर डाला और फिर चाकू से 17 बार वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद उसने नकदी छिपा दी और अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया।
जांच के दौरान पुलिस को अमरनाथ पर शक हुआ। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मामले का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया गया है।

## सार संक्षेप

### दफ्तरों में पान-गुटखा पर सख्ती, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ओडिशा सरकार ने राजस्व और तहसील कार्यालयों में पान, गुटखा, सिगरेट सहित किसी भी नशीले पदार्थ के सेवन पर सख्त रोक लगा दी है। नए निर्देशों के मुताबिक सरकारी कार्यालय परिसर में ऐसा करते पाए जाने पर अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश राज्य मुख्यालय से लेकर सभी जिला और तहसील कार्यालयों पर समान रूप से लागू होगा।

### 44 साल बाद बीएमसी में बीजेपी की वापसी, रितु तावड़े बनीं मेयर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुंबई की बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को नया मेयर मिल गया है। बीजेपी की रितु तावड़े निर्विरोध मेयर चुनी गईं, जबकि शिवसेना शिंदे गुट के संजय घाडी डिप्टी मेयर बने। किसी अन्य दल ने उम्मीदवार नहीं उतारा। 44 साल बाद बीजेपी ने देश की सबसे अमीर नगर निगम की सत्ता में वापसी की है, जिससे शिवसेना यूबीटी का 25 साल पुराना दबदबा खत्म हो गया।

### अमेरिका-कनाडा ब्रिज विवादः ट्रंप क्यों बदलना चाहते हैं परमिट?

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ओंटारियो और मिशिगन को जोड़ने वाले प्रस्तावित गॉर्डी होवे इंटरनेशनल ब्रिज को लेकर अमेरिका-कनाडा के बीच तनाव बढ़ गया है। व्हाइट हाउस के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास इस प्रोजेक्ट के परमिट में संशोधन का अधिकार है। ट्रंप ने ब्रिज के उद्घाटन को रोकने की चेतावनी दी है। माना जा रहा है कि व्यापक व्यापार समझौते की वार्ता से पहले वे कनाडा पर दबाव बनाना चाहते हैं।

### बांग्लादेशः अंतरिम सरकार में एक साल में बढ़ी यूनुस की संपत्ति

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस की संपत्ति में एक साल में 1.61 करोड़ टका (करीब 11%) की वृद्धि हुई है। 30 जून 2024 से 30 जून 2025 के बीच उनके सलाहकारों और जीवनसाथियों की संपत्ति में औसतन 6% बढ़ोतरी दर्ज की गई। भूमि सलाहकार अली इमाम मजूमदार और अन्य सदस्यों की संपत्ति भी बढ़ी, हालांकि कुछ की संपत्ति में गिरावट भी देखी गई।

### पीरागढ़ी ट्रिपल मर्डरः तांत्रिक गिरफ्तार, जहर देकर हत्या का आरोप

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पीरागढ़ी में कार से मिले तीन शवों के मामले में पुलिस ने तांत्रिक कमरुद्दीन को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ कि वह "धनवर्षा" का झांसा देकर लोगों को फंसाता और लड्डू में जहर मिलाकर हत्या कर लूटपाट करता था। आरोपी फिरोजाबाद निवासी है और लोनी में कथित तांत्रिक केंद्र चलाता था। पुलिस मामले को सुनियोजित तिहरे हत्याकांड मानकर जांच कर रही है।

# राष्ट्रगीत पहले, फिर राष्ट्रगान : गृह मंत्रालय ने जारी किया नया प्रोटोकॉल



### 'वंदे मातरम' के छहों छंद (कुल अवधि लगभग 3 मिनट 10 सेकंड) सामूहिक रूप से गाए जाएंगे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' के गायन को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। 28 जनवरी को जारी आदेश के अनुसार, जब भी दोनों को एक साथ गाया या बजाया जाए, तो पहले राष्ट्रगीत के सभी छह छंद गाए जाएंगे, उसके बाद राष्ट्रगान प्रस्तुत किया जाएगा। पहली बार राष्ट्रगीत के औपचारिक गायन के लिए स्पष्ट प्रोटोकॉल तय किया गया है।

निर्देशों के तहत राष्ट्रपति के आगमन, तिरंगा फहराने, राज्यपालों के भाषण और अन्य आधिकारिक कार्यक्रमों में 'वंदे मातरम्' के छहों छंद (कुल अवधि लगभग 3 मिनट 10 सेकंड) सामूहिक रूप से गाए जाएंगे। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रगीत के आधिकारिक संस्करण के दौरान उपस्थित सभी लोगों को सावधान मुद्रा में खड़ा होना अनिवार्य होगा। हालांकि, यदि किसी समाचार रील या वृत्तचित्र में राष्ट्रगीत फिल्म के हिस्से के रूप में बजाया जाता है, तो दर्शकों से खड़े होने की अपेक्षा नहीं की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। विद्यालयों के लिए भी विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। स्कूलों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन से करने की सलाह दी गई है। साथ ही, छात्रों में राष्ट्रध्वज और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया है।

आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रगीत के आधिकारिक बोल प्रतिभागियों में वितरित किए जा सकते हैं, ताकि सभी एक सुर में गायन कर सकें। मंत्रालय ने कहा है कि औपचारिक समारोहों के अलावा मंत्रियों की उपस्थिति वाले महत्वपूर्ण आयोजनों में भी राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन वांछनीय है। केंद्र सरकार 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम भी आयोजित कर रही है।

# संशोधित फैक्ट शीट में 'दालों' का जिक्र हटा, 'प्रतिबद्ध' की जगह 'इरादा'



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अमेरिका के व्हाइट हाउस ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते पर जारी संशोधित फैक्ट शीट में अहम बदलाव किए हैं। पहले जारी दस्तावेज में जिन अमेरिकी कृषि उत्पादों पर भारत द्वारा शुल्क समाप्त या कम करने की बात कही गई थी, उनमें "कुछ दालों" का उल्लेख था। हालांकि मंगलवार को जारी संशोधित दस्तावेज से 'दालों' का जिक्र हटा दिया गया है। इसके साथ ही भाषा में भी बदलाव किया गया है। पहले जहां भारत द्वारा 500 अरब डॉलर से अधिक के अमेरिकी उत्पाद खरीदने की "प्रतिबद्धता" जताने की बात थी, उसे बदलकर अब "इरादा रखता है" (इन्टेंड) कर दिया गया है। संशोधित दस्तावेज के अनुसार भारत अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और खाद्य व कृषि उत्पादों-जैसे ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स (डीडीजी), रेड सोरघम, ट्री नट्स, ताजे व प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट-पर शुल्क कम या समाप्त करेगा। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने स्पष्ट किया है कि भारत ने सभी संवेदनशील क्षेत्रों-विशेषकर कृषि, दुग्ध, मछली पालन और छोटे किसानों से जुड़े उत्पादों-की रक्षा की है। मक्का, गेहूं, चावल, सोय, पोल्ट्री, दूध, पनीर और कुछ सब्जियों जैसे उत्पादों पर कोई रियायत नहीं दी गई है। दोनों देश संयुक्त बयान को कानूनी समझौते का रूप देने पर काम कर रहे हैं और इसे मार्च 2026 तक अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। सरकार का कहना है कि यह समझौता श्रम-प्रधान क्षेत्रों जैसे कपड़ा, परिधान और रत्न-आभूषण को अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त देगा।

### लोकसभा में राहुल गांधी का हमला

# अमेरिका की शर्तों पर डील शर्मनाक भारत का डेटा सबसे कीमती



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के 11वें दिन लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बजट और भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। अपने भाषण की शुरुआत उन्होंने मार्शल आर्ट में 'ग्रिप' के महत्व से की और कहा कि राजनीति में भी पकड़ होती है, भले ही वह दिखाई न दे। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते में भारत के हितों से समझौता किया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पादों पर औसत तीन प्रतिशत टैरिफ को बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया, जबकि अमेरिकी आयात पर शुल्क शून्य कर दिया गया। उनके मुताबिक इससे भारतीय किसानों और उद्योगों के साथ अन्याय हुआ है। राहुल ने कहा कि आज की दुनिया में सबसे कीमती चीज 'डेटा' है और अमेरिका को भारत का डेटा चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के कारण हजारों सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की नौकरियां खतरे में हैं, लेकिन बजट में इस चुनौती से निपटने की कोई ठोस योजना नजर नहीं आती। उन्होंने कहा कि दुनिया अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुकी है और भारत को डेटा सुरक्षा व तकनीकी आत्मनिर्भरता पर ध्यान देना चाहिए। भाषण के दौरान सदन में हंगामा भी हुआ। वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस सांसदों पर स्पीकर के साथ अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया। बजट सत्र में जारी गतिरोध के बीच राहुल का यह भाषण राजनीतिक बहस का केंद्र बन गया है।

# 12,000 बीघा जमीन साबित करो या 500 करोड़ दो : सीएम हिमंत बिस्वा





### हिमंत का कांग्रेस को अल्टीमेटम

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कथित 'भूमि हड़पने' के आरोपों पर कांग्रेस नेताओं को कड़ी चेतावनी दी है। मानहानि का मुकदमा दायर करने के बाद सरमा ने कहा कि यदि उनकी 12,000 बीघा 'अवैध जमीन' होने का दावा किया जा रहा है, तो इसकी सूची अदालत में पेश की जाए, अन्यथा 500 करोड़ रुपये हर्जाना दिया जाए। बोंगाईगांव में पत्रकारों से बातचीत में सरमा ने कांग्रेस नेता गौरव गोगोई पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गोगोई ने 2013 में पाकिस्तान के रावलपिंडी जाने की बात स्वीकार की है और यदि वे बिना वीजा गए थे, तो यह गंभीर मामला है। सरमा ने दावा किया कि वह वीडियो क्लिप अदालत में पेश करने के लिए पर्याप्त है। वहीं, गौरव गोगोई ने स्पष्ट किया कि वह दिसंबर 2013 में अपनी पत्नी के साथ 10 दिन की यात्रा पर पाकिस्तान गए थे और इसके लिए आवश्यक अनुमति ली गई थी। उन्होंने सरमा पर भ्रामक आरोप लगाने का आरोप लगाया। मामला अब सियासी तकरार से साथ कानूनी मोड़ ले चुका है।

# सोमालिया में पैसेंजर प्लेन की समुद्र में क्रैश लैंडिंग, सभी 55 लोग सुरक्षित




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में एक यात्री विमान की समुद्र में आपातकालीन लैंडिंग से हड़कंप मच गया। एडेन अब्दुले अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद विमान में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद पायलट ने तत्काल वापसी की अनुमति मांगी। लैंडिंग के दौरान विमान रनवे पर रुक नहीं सका और ओवरशूट होकर भारतीय महासागर के उथले पानी में जा पहुंचा।

यह विमान स्टार्स्की एविएशन का फॉकर 50 था, जो मोगादिशु से उत्तरी शहर गलकायो जा रहा था। टेकऑफ के लगभग 15 मिनट बाद आई तकनीकी समस्या के चलते पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए आपातकालीन लैंडिंग का फैसला लिया। विमान के पंख और अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन बड़ा हादसा टल गया।

विमान में सवार सभी 50 यात्री और 5 क्रूसदस्य सुरक्षित बचा लिए गए। किसी के हताहत होने या गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो और तस्वीरों में यात्री विमान से बाहर निकलते और सुरक्षित स्थान की ओर जाते दिखाई दे रहे हैं।

रेस्क्यू टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। सोमालिया के परिवहन मंत्री मोहम्मद फराह नूह ने पुष्टि की कि सभी लोग सुरक्षित हैं। सिविल एविएशन अथॉरिटी ने तकनीकी खराबी के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पायलट के त्वरित और शांत निर्णय की व्यापक सराहना की जा रही है, जिसने संभावित बड़े हादसे को टाल दिया।

## बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम ने बैठक की

# 119 केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में व्यवस्थापकों की रहेगी ड्यूटी

### पांच जोनल, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 119 स्टेटिक मजिस्ट्रेट होंगे तैनात

**यूनिक समय, मथुरा।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज की वर्ष 2026 की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं के संबंध में जिलाधिकारी ने बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में सभी जोनल, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों तथा केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक ली। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने 18 फरवरी से 12 मार्च तक जिले के 119 केंद्रों पर आयोजित होने वाली हाईस्कूल और इंटर मीडिएट की परीक्षओं की तैयारियों को लेकर की गई बैठक में बताया कि परीक्षा प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक होंगी। परीक्षा पर नजर रखने के लिए 5 जोनल मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 119 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 119 केन्द्र व्यवस्थापकों की ड्यूटी लगाई गई है। हाईस्कूल की परीक्षा हेतु बालक 19161 तथा बालिका 16027, कुल 35188 है। इंटरमीडिएट परीक्षा हेतु बालक 20768 तथा बालिका 14213, कुल 34981 है। परीक्षा हेतु 11 राजकीय, 73 सहायता प्राप्त तथा 35 वित्त विहीन केंद्र है। जनपद में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका संपर्क नंबर 9454457564 है। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, एसपी यातायात मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति, जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।



बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज में बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को संबोधित करते डीएम सीपी सिंह।

### नकल विहीन परीक्षा कराने को दिए अधिकारियों को निर्देश

यूनिक समय, मथुरा। जिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन, सुचारूपूर्ण एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पादित कराने के लिए सभी जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को सख्त निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक करें। परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर परीक्षा की सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करे। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा अवधि में प्रत्येक दिन दोनों पालियों में नियमित अन्तराल पर परीक्षा केन्द्रों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करे। परीक्षा केन्द्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों तथा वायस रिकार्डर के सही ढंग से कार्य करने की हर रोज जांच करें और जिला विद्यालय निरीक्षक कन्ट्रोल रूम के नोडल अधिकारी को सूचित करे।

### प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाओं की होगी कड़ी सुरक्षा

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए भी किए जाएंगे कड़े सुरक्षा इंतजाम। प्रश्नपत्रों एवं उत्तर–पुस्तिकाओं के सुरक्षित रख रखाव की व्यवस्था को देखने के लिए प्रत्येक सेक्टर जोन में नियुक्त सचल दलों से नियमित सम्पर्क में रहने और उनसे फीडबैक लेने के दिए निर्देश। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों का विशेष रूप से निरंतर सघन निरीक्षण किया जाएगा। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर सशस्त्र पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था कर दी गयी है। परीक्षा के दौरान केन्द्र के समीप भीड़ एकत्रित नहीं होने दी जाएगी।

## टीईटी अनिवार्यता पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, पुतला फूंका



प्रदर्शन में मौजूद शिक्षक।

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जनपद इकाई के नेतृत्व में शिक्षकों ने टीईटी अनिवार्यता के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया। वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता लागू किए जाने के मामले में सरकार के रुख को लेकर शिक्षकों में भारी आक्रोश देखने को मिला। जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि इस विषय में शिक्षक संघ से हुई वार्ता और संसद में दिए गए सरकारी उत्तर में स्पष्ट विरोधाभास है, जो सरकार के दोहरे मापदंड को दर्शाता है। इसी के विरोध में प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर सांकेतिक पुतला दहन कर ज्ञापन सौंपा गया। शिक्षक बड़ी संख्या में एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए कार्यालय पहुंचे और अपना विरोध दर्ज कराया। जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो यह आंदोलन जिले से लेकर दिल्ली तक चलाया जाएगा। जिला मार्गदर्शक शान्तनु चौधरी ने आश्वस्त किया कि शिक्षकों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला संयोजक रोहिताश, मुकेश कुंतल, रोशन लाल, विजय चौधरी, सूर्यवीर यादव, अवधेश शर्मा,नेपाल सिंह ,के के भारद्वाज, तुहिराम, मनोज सारस्वत, चंद्रकांत, पदम किशोर, खेम चंद्र जिला मीडिया प्रभारी, राजीव रावत सहित अन्य शिक्षक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर का डीएम ने निरीक्षण किया

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के संबंध में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (ईओसी) का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों/ ईआरओ द्वारा लगाई गई रिपोर्टों का ऑनलाइन सत्यापन किया।

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में अर्हता तिथि 01 जनवरी 26 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के मतदाता, जिन्हें पिछले विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की निर्वाचक नामावली से मैपिंग नहीं हो सकी थी, को निर्वाचक नामावली के आलेख्य प्रकाशन के पश्चात निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस जारी कर उनकी सुनवाई किये जाने की कार्यवाही की जा रही है, जो 27 मार्च 26 तक सम्पादित की जानी है, जिसमें मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेजों की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों/ईआरओ द्वारा जाँच कर ऑनलाइन पोर्टल पर रिपोर्ट लगाकर डीईओ लॉगिन पर फॉरवर्ड किया जा रहा है। मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे दस्तावेजों को ईआरओ द्वारा जाँच कर ऑनलाइन पोर्टल पर रिपोर्ट लगाकर डीईओ लॉगिन पर फॉरवर्ड किया जा रहा है।


### दलित बेटी की शादी में प्रधान हकीमपुर ने किया पूरा सहयोग

**यूनिक समय, मथुरा।** पंचायत हकीमपुर में सामाजिक समरसता और मानवता की मिसाल देखने को मिली। ग्राम प्रधान ने एक दलित बेटी की शादी भी पूरे धूमधाम से कराई गई। सभी ने प्रधान द्वारा किए गए इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया। ग्राम पंचायत हकीमपुर के प्रधान सूरज भान चौधरी ने एक ऐसा काम किया जिसकी सभी लोग प्रशंसा कर रहे हैं। एक बिन मां–बाप की दलित बेटी की शादी प्रधान द्वारा कराई गई। शादी में दहेज के रूप में दिया जाने वाला सामान के अलावा बारातियों की दावत का इंतजाम भी किया। इस कार्य से हकीमपुर गांव में खुशियों का माहौल दिखाई दिया। चारों ओर उसकी तारीफ होने लगी। इस मौके पर मनोज चौधरी, प्रधान सूरज भान चौधरी, हंसराज सिंह, पूर्व प्रधान पप्पू चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि राम चौधरी, पिंटू सिंह आदि सैंकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## चंद्र प्रताप सिकरवार समेत कई लेखक ब्रज भाषा विभूषण से सम्मानित

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** साहित्य मंडल श्रीनाथद्वारा के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय ब्रजभाषा पाटोत्सव समारोह में उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कोर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार और लेखिका डॉ. अनीता चौधरी के अलावा वृंदावन के डॉ. बृजभूषण चतुर्वेदी, गोपाल कृष्ण दुबे तथा नंदगांव के लोकेश गोस्वामी को ब्रजभाषा विभूषण उपाधि से अलंकृत किया गया। मथुरा के शिक्षक राजेंद्र केशोरैया, श्रीमती देवकी, चित्रकार सुश्री उमा शर्मा तथा लेखक देवी प्रसाद गौड़ को भी विभिन्न मानद उपाधियों से विभूषित किया गया। पाटोत्सव समारोह में डॉ. अनीता चौधरी ने ब्रजभाषा में काव्य पाठ किया। रिचा रावत (राया) और चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने अपने आलेख प्रस्तुत किए। समस्या–पूर्ति कार्यक्रम में सत्य प्रकाश शर्मा (वृंदावन) और अंजीव अंजुम (राया) आदि साहित्यकारों ने विचार व्यक्त किए। साहित्य मंडल नाथद्वारा के सचिव श्याम प्रकाश देवपुरा ने कहा कि ब्रज के साहित्य मनीषियों की ब्रज भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए दी जा रही सेवाएं अत्यंत अनुकरणीय हैं। पाटोत्सव में लेखिका डॉ. अनीता चौधरी के कहानी संग्रह "काश, मैं गरीब होती" का विमोचन किया गया। साथ ही चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार की पुस्तक "स्वाधीनता के समाजवादी स्वर (राजस्थान के क्रांतिकारियों की संघर्ष गाथा)" का विमोचन हुआ। कपिल उपाध्याय की लिखित पुस्तक "ब्रज की स्थापत्य कला विलुप्ति की ओर" साहित्य मंडल को भेंट की गई।



ब्रजभाषा पाटोत्सव समारोह में उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कोर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार को सम्मानित करते साहित्य मंडल श्रीनाथद्वारा के पदाधिकारी।

## पण्डित दीनदयाल उपाध्याय का लगाया वृक्ष है भाजपाः देवेंद्र शर्मा

संवाददाता

**यूनिक समय, कोसीकलां।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 59 वीं पुण्यतिथि उनके आदर्शों को याद करके मनाई। नगर पालिका परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष निर्भय पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी, मण्डल सयोजक सौरभ जैन, युवा नेता दीपक बडगूजर, सहित कई नेताओं ने पालिका परिसर में स्थापित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने उनके एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## हिंदू जीवन पद्धति श्रेष्ठ, धर्म के प्रति समर्पित है हिंदू



दीनदयाल धाम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती।

संवाददाता

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बलिदान दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं हिंदू सम्मेलन में राष्ट्रीय सेवक संघ के प्रचार विभाग की अखिल भारतीय टोली के सदस्य मुकुल कानिटकर ने कहा कि हिंदू जीवन पद्धति श्रेष्ठ है। धर्म के प्रति समर्पित भी हिंदू रहते हैं। सच्चे हिंदू का तो जीवन भर देने का ही काम होता है। आचरण, कर्तव्य, विचार और चरित्र से ही हिंदू श्रेष्ठ होता है। पं. दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि यह भूमि गोपाल के चरण रज से पवित्र हुई है तो पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म दर्शन से विश्व में प्रचारित हुई है। महामंडलेश्वर जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म दर्शन का जो विचार दिया, दुनिया ने उसे विचार को जाना। हिमानी चतुर्वेदी ने विचार रखें। मेला समिति के अध्यक्ष सोहनलाल शर्मा ने आभार जताया। संचालन प्रधानाचार्य लोकेश्वर प्रताप सिंह ने किया। अतिथियों का स्वागत मेला कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक, स्मारक मंत्री केशव कुमार, एसएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता, अनुराधा भाटिया, भीकम चंद दुबे, रीना आदि ने किया। कार्यक्रम में डॉ. रोशन लाल, राज दर्शन पचौरी, हरिओम पाठक, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, राजवीर सिंह, डॉ. दिनेश आर्मेंद्र, स्मारक निदेशक सोनपाल, डॉ. हरी भदोरिया, जगमोहन एवं गोविंद आदि मौजूद थे।

## बाइक चोर गिरफ्तार संदिग्ध बाइक मिली

### चुराई गई बाइक को बेच कर मिले दो हजार रुपये भी बरामद

**यूनिक समय, मथुरा।** राया पुलिस ने एक अभियुक्त को संदिग्ध चोरी की मोटरसाइकिल और दो हजार रुपये के साथ गिरफ्तार किया है।

राया पुलिस के अनुसार एक व्यक्ति की हीरो होंडा मोटरसाइकिल चोरी हो गई। इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने इस मामले में छानबीन की तो एक व्यक्ति का नाम प्रकाश में आया।

पुलिस को उसके बारे में सूचना मिली कि वह पंचवटी कॉलोनी में है। पुलिस ने उसे दबिश देकर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त कालीचरन उर्फ आकाश निवासी गांव हरौला थाना खैर जिला अलीगढ़ है। पुलिस को उसके कब्जे से एक संदिग्ध मोटरसाइकिल बरामद हुई।

पुलिस को उसके पास से दो हजार रुपये भी मिले हैं। पुलिस को उसने बताया कि उसने स्पलेंडर बाइक को पांच हजार रुपये में किसी अनजान व्यक्ति को बेच दी। तीन हजार रुपये मौज मस्ती में खर्च कर लिए और दो हजार रुपये बचे हैं।

## तमंचा रखने वाले को सजा

**यूनिक समय, मथुरा।** एसीजेएम द्वितीय ने एक अभियुक्त को अवैध हथियार रखने के आरोप में जेल में बिताई गई अवधि की सजा के साथ 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वृंदावन पुलिस ने अभियुक्त अशोक कुमार निवासी रमणरेती फोगला आश्रम को देशी तमंचा व कारतूस रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था। मुकदमे की सुनवाई एसीजेएम द्वितीय के न्यायालय में हुई। एसीजेएम ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए जेल में बिताई गई अवधि की सजा और पांच सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं तुलसीराम पुत्र स्व. श्री हरीशचन्द निवासी 412, कैला देवी मंदिर के पीछे औरंगाबाद जिला मथुरा सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र का नाम जन्मप्रमाण पत्र में गलती से कृष्णा दर्ज है, जबकि आधारकार्ड के अनुसार वास्तविक सही नाम लव कुमार है, जो सत्य है,भविष्य में मेरे पुत्र को लव कुमार के नाम से जाना जाये व पढ़ा जाये।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय :- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। मो. 9837155888 E-mail : newsuniquesamay@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053